2:1-22

झूठे उपदेशक

यदि अध्याय 1 में पतरस के निर्देशों का संबोधन प्रेरित के पाठकों को कष्ट देने वाले झूठे उपदेशकों को था, तो वह कोमलता से थे। उसने अपने शब्दों का चुनाव यह जानते हुए किया था कि वे उन विषयों से संबंधित हैं, जो कलीसियों के सामने थे, परन्तु उसने यह अपने पाठकों पर छोड़ दिया था कि वे उसकी शिक्षाओं का उपयोग प्रेरित का विरोध करने वालों के प्रति करें। अब इस बिन्दु पर आकर उसने कोमलता को एक ओर रख दिया। कलीसियाओं में ऐसे झूठे उपदेशक थे, जो मसीही सिद्धांतों की जड़ तक के लिए खतरा थे। इन उपदेशकों का वर्णन यहूदा ने भी इसी प्रकार किया है। हम अभिलेख में प्रयुक्त भाषा में समानताओं को भी देखेंगे।

झूठे उपदेशकों के विरुद्ध चेतावनी (2:1-3)

[1]जिस प्रकार उन लोगों में झूठे भविष्यद्वक्ता थे, उसी प्रकार तुम में भी झूठे उपदेशक होंगे, जो नाश करने वाले पाखण्ड का उद्घाटन छिप छिपकर करेंगे, और उस स्वामी का जिसने उन्हें मोल लिया है इन्कार करेंगे, और अपने आप को शीघ्र विनाश में डाल देंगे। [2]बहुत से उन के समान लुचपन करेंगे, जिनके कारण सत्य के मार्ग की निन्दा की जाएगी। [3]वे लोभ के लिये बातें गढ़कर तुम्हें अपने लाभ का कारण बनाएँगे, और जो दण्ड की आज्ञा उन पर पहले से हो चुकी है उसके आने में कुछ भी देर नहीं, और उनका विनाश ऊँघता नहीं।

आयत 1. अध्याय 1 के अन्त और अध्याय 2 के आरंभ के मध्य कोई सुस्पष्ट समाप्ति नहीं है। परमेश्वर ने इस्राएल के लोगों में भविष्यद्वक्ता भेजे। उन्होंने "पवित्र आत्मा के द्वारा उभारे जाकर" (1:21), परमेश्वर की ओर से बोला और उसके सन्देश को लिखा, परन्तु इस्राएल ने जाना कि कुछ लोग जो यह दावा कर रहे थे कि उनके पास परमेश्वर की ओर से सन्देश है, वे अपनी ही सहायता कर रहे थे। पतरस ने ध्यान किया कि जिस समय में भविष्यद्वक्ता परमेश्वर के वचन का प्रचार कर रहे थे, **उनमें झूठे उपदेशक भी उठ खड़े हुए।** यिर्मयाह और यहेजकेल ने विशेषकर "झूठे भविष्यद्वक्ताओं" से संघर्ष किया। यिर्मयाह ने चेतावनी दी, "इन भविष्यद्वक्ताओं की बातों की ओर जो तुम से भविष्यद्वाणी करते हैं, कान मत लगाओ, क्योंकि ये तुम को व्यर्थ बातें सिखाते हैं; ये दर्शन का दावा कर के यहोवा के मुख की नहीं, अपने ही मन की बातें कहते हैं" (यिर्मयाह

23:16)।

क्योंकि इस्राएल के "लोगों के मध्य झूठे भविष्यद्वक्ता थे," इसलिए इससे कोई विशेष अचरज नहीं होना चाहिए कि पतरस के प्रथम पाठकों के **मध्य भी झूठे उपदेशक हुए होंगे**। झूठे भविष्यद्वक्ता और झूठे उपदेशक में भिन्नता अस्पष्ट है। हो सकता है कि प्रेरित अपने विरोधियों को "भविष्यद्वक्ता" कहकर सम्मानित नहीं करना चाहता था, चाहे उससे पहले "झूठे" ही क्यों न लगा हो। इस बिन्दु पर दो बातें हैं जो महत्वपूर्ण हैं। पहली, कलीसिया के लिए सबसे कठिन संघर्ष उसके अन्दर से ही आते हैं। पौलुस की पत्रियों में सुसमाचार प्रचार, मण्डली के अन्दर की गतिविधियों, परोपकार के साझे कार्यों के बारे में, चाहे यह सब कितने ही महत्वपूर्ण क्यों न हों, बहुत कम कहा गया है। इसके स्थान पर, उसकी पत्रियाँ दो क्षेत्रों पर ध्यान अधिक केंद्रित करती हैं: मसीही विश्वास के महान सिद्धांत और उसके विरोधियों द्वारा उन सिद्धांतों पर लाई गई चुनौतियाँ। कलीसिया मसीही सिद्धांतों को बनाए रखने और उनका अभ्यास करने की कभी समाप्त न होने वाली चुनौती से जूझती रहती है। इससे मसीहियों की कोई सहायता नहीं होती है कि वे अपने हाथ मलते हुए "झूठे उपदेशकों" और मसीह का नाम धारण करने वाले अनैतिक लोगों को लेकर विलाप करते रहें। अंग्रेज़ी में जैसे कहते हैं, मसीहियों को सत्य को सिखाने और प्रचार करने के लिए अपने आप को तत्पर और तैयार कर लेना है।

दूसरे, मसीहियों के आदर्श उन्हें विशेषतः उनके लिए भेद्य बना देते हैं जो उन से लाभ उठाना चाहते हैं। प्रभु ने अपने लोगों को सिखाया कि वे अच्छे लोग बनें, औरों की भलाई के लिए सोचें, अपने आप को जाँचें, और मित्र तथा शत्रु से समान दयालुता तथा आदर का व्यवहार करें। कलीसिया के प्रारंभिक दिनों से ही, ऐसे कपटी हुए हैं जिन्होंने मसीहियों के विश्वास और दयालुता को लूटा है।[1] जब पैसे की बात आती है, शिष्य उदार होने की ओर झुक सकते हैं, जब वे लुट जाने का संदेह करते हैं तब भी।[2] परन्तु और भी विधियाँ हैं जिनके द्वारा लोग अपने आप को कलीसियाओं की भलाई पर थोपते हैं। शिष्यों के मध्य ऐसे लोग भी आ सकते हैं जो व्यक्तिगत सामर्थ्य चाहते हैं या ऐसे जिनकी अपनी धारणाएं बाइबल की शिक्षाओं को अस्वीकार करती हैं। यीशु ने कहा कि उनके लोग विशेषतः, एक दूसरे के प्रति अपने प्रेम द्वारा पहचाने जाएंगे (यूहन्ना 13:35)। विश्वासी इस निर्देश का आदर करना चाहते हैं। इस कारण, उनके लिए कठिन होता है कि वे उन लोगों के विरुद्ध खड़े हों जो मसीह के प्रति विश्वासयोग्यता का दावा तो करते हैं परन्तु उनके जीवन और व्यवहार प्रभु का इन्कार करते हैं।

हम जानना चाहेंगे कि 2 पतरस में क्यों "झूठे उपदेशक" धमकी दे रहे थे, क्यों पतरस उनके इतना विरुद्ध था, परन्तु प्रेरित ने जो शिक्षाएं वे देते थे उनके बारे में बहुत ही थोड़ा कहा। जो उसने कहा वह यह था कि वे इन विनाशकारी **झूठी शिक्षाओं से परिचय कराने** के लिए भरमानेवाले, रहस्यमय माध्यमों का इस्तेमाल करते हैं। पाखण्ड एक विभाजन करने वाली और झूठी शिक्षा है जो मसीही विश्वास को दुर्बल करती है। एक प्रकार से विनाशकारी पाखण्ड कहना

अनावश्यक है। पाखण्ड अपने स्वभाव से ही विनाशकारी होता है। वह दोनों, कलीसिया के लिए और उस संसार के लिए, कलीसिया जिस तक मसीह के सन्देश को पहुँचाना चाहती है विनाशकारी होता है।

पतरस ने "झूठे उपदेशकों" के जिन विनाशकारी सिद्धांतों का सामना किया वे विशेषतः दुःखद थे। उन्होंने **उस स्वामी तक का इनकार कर दिया जो उन्हें लाया था**। उन्होंने किस रीति से इन्कार किया? पिछले अध्याय में प्रेरित ने ज़ोर दिया कि रूपांतर के समय की घटनाओं के अन्त में परमेश्वर से एक आवाज़ आई, "यह मेरा प्रिय पुत्र है।" यीशु का पुत्र होना, अर्थात उसका ईश्वरत्व दाँव पर था। पतरस के लिए, मसीह का ईश्वरत्व किसी विवाद का मुद्दा हो ही नहीं सकता था। इसलिए यह निष्कर्ष निकालना उचित होगा कि "झूठे उपदेशक" प्रभु के पूर्ण ईश्वरत्व का अथवा पूर्ण मनुष्यत्व का इन्कार करते थे; परन्तु इसके अतिरिक्त हम और अधिक नहीं कह सकते हैं।

हमारी जिज्ञासा खीझ कर जागृत हो उठती है। यदि "झूठे उपदेशक" यीशु के ईश्वरत्व का इन्कार करते थे, तो फिर वे उसे कौन या क्या मानते थे? एक बुद्धिमान शिक्षक? एक स्वर्गदूत समान हस्ती जिसमें ईश्वरत्व कुछ सीमा तक तो था, परन्तु पूर्णतः नहीं। पतरस ने कुछ नहीं कहा। प्रेरित के लिए मसीह के ईश्वरत्व का इन्कार करना इस बात का इन्कार करना था कि उसने उन्हें "मोल लिया था।" यह रोचक है कि 2 पतरस में यीशु की मृत्यु का यह एकमात्र उल्लेख है और वह भी कुछ टेढ़ा। फिर भी, जब पतरस ने कहा कि प्रभु ने उन्हें मोल लिया था तो विवाद यीशु के लहु की छुड़ाने की क्षमता पर था। उसने उन्हें अपने लहू से मोल लिया था। जिस क्रिया को यहाँ छुड़ाने या मोल लेने (ἀγοράζω, *अगोराज़ो*) के लिए प्रयोग किया गया है उसे इसी प्रकार 1 कुरिन्थियों 6:20 और 7:23 में भी प्रयोग किया गया है। उन उल्लेखों में, मोल लेना क्रूस पर यीशु के लहू से विशेषकर जोड़ा गया है। यीशु के पुनरुत्थान का 2 पतरस में कोई उल्लेख नहीं है, परन्तु जीवित हो ऊठा प्रभु ही है जो राज करता है। संभव है कि "झूठे उपदेशक" इस बात से इन्कार करते थे कि यीशु परमेश्वर के दाहिने हाथ राज करता है।

मोल लेना और छुड़ाना निकट संबंध रखने वाले विचार हैं। परमेश्वर का प्रिय पुत्र होने के कारण यीशु लोगों को पाप से छुड़ा सका। जब "झूठे उपदेशकों" ने मसीह के ईश्वरत्व का इन्कार किया तो उन्होंने उसके द्वारा उन्हें मोल ले लेने का भी इन्कार किया। क्योंकि वे उस अंगीकार का इन्कार कर रहे थे जो मसीही सिद्धांत के मर्म के निकट है, "झूठे उपदेशक" **अपने आप को शीघ्र विनाश में डाल रहे थे**। पतरस पहले ही उनकी शिक्षाओं को "विनाशकारी" कह चुका था।[3] ऐसी शिक्षाएं औरों का विनाश करती हैं और उनका भी जो ऐसी शिक्षाओं की पैरवी करते हैं। क्या पतरस के पाठकों को "झूठे उपदेशकों" का अनुसरण करना चाहिए, तात्पर्य है कि वे अपने ऊपर भी उसी "शीघ्र विनाश" को ले आएंगे।

आयत 2. पतरस की पत्री से "झूठे उपदेशकों" के चरित्र का सामान्य चित्रण उभरता है, चाहे उनकी शिक्षाओं पर कम ही ध्यान दिया गया है। प्रेरित समझ

रहा था कि लोग जो सुनते हैं उसके सत्य का आकलन वे बोलने वाले के चरित्र के अनुमान से करते हैं। इसी कारण से उसने पिछले अध्याय में अपने चरित्र को सुदृढ़ किया था, और विरोध करने वालों के पतित चरित्र को उजागर किया था। वे न केवल लुचपन में संलग्न थे, वरन 2:19 से प्रतीत होता है कि उन्होंने शारीरिक वासनाओं को किसी सैद्धांतिक या मत संबंधी बात द्वारा उचित ठहराने का प्रयत्न किया था। संयम रखने की अपेक्षा लालसा को निभा लेना सरल होता है। यह समझना कठिन नहीं है कि क्यों बहुत से **उन के समान** लुचपन करेंगे।

जब कलीसिया में अनैतिकता को सहन किया जाता है, विशेषकर तब जब उसे करने वाले उपदेशक होने का दावा करते हैं, तो क्षति केवल उपदेशकों तक ही सीमित नहीं रहती है। सारी देह दुःख उठाती है। प्रभु स्वयं दुःख उठाते हैं। **जिनके कारण सत्य के मार्ग की निन्दा की जाएगी।** मसीहियों द्वारा जिन सिद्धांतों तथा जीवन के मार्ग का अनुसरण किया जाता था, पतरस को कोई हिचकिचाहट नहीं थी कि उसे "सत्य का मार्ग" कहे। पहले उसने दावा किया था कि उसके पाठक "सत्य में बने रहते" (1:12) थे। क्या कोई विशेष कारण था कि पतरस ने "सत्य का मार्ग" लिखा न कि सामान्य "सत्य," या यह केवल शैली में भिन्नता थी? संभवतः यह दूसरी बात सही है। फिर भी "मार्ग" से तात्पर्य है कि सत्य केवल सिद्धांत बनकर ही नहीं रह गया था। यह पुष्टि के लिए सिद्धांतों के वर्ग से बढ़कर है; यह चलने के लिए मार्ग है। मसीह का अंगीकार करना "परमेश्वर के मार्ग" (प्रेरितों 18:26), "शान्ति के मार्ग" (रोमियों 3:17; NIV), "एक नया और जीवित मार्ग" (इब्रानियों 10:20), और "धर्म के मार्ग" (2 पतरस 2:21) पर होना है।

विश्वासियों की शिक्षाएं और प्रथाएं उन्हें एक समाज में बांधती हैं। मसीह में होना अनिवार्यतः उसकी देह में होना है। यदि देह का कोई भाग दुःख उठाता है तो सभी दुःख उठाते हैं। कलीसीया की निन्दा होती है, तो इस प्रक्रिया में स्वयं प्रभु की निन्दा होती है, जब वे जो उसके नाम को धारण किए हुए हैं उस लुचपन में पड़ते हैं जो औरों का नाश करता और उन्हें नीचा दिखाता है।

जब अन्य जाति मूर्तिपूजकों द्वारा मसीह की देह की निन्दा की गई तो यह अनेपक्षित नहीं था। यह विचित्र है कि मसीहियों की निन्दा उस व्यवहार के लिए की जाती है जिसे संसार एक-दूसरे में खुशी से सहन कर लेता है। मसीहियों को इस बात से अवगत होना चाहिए कि अविश्वासी सारी कलिसिया को उसी रंग में रंग देंगे जिससे वे झूठे उपदेशकों को रंगते हैं। भक्तिहीन लोग कलीसिया का आंकलन उसके सबसे कमज़ोर सदस्य के अनुसार करेंगे।

इस पत्री का दूसरा अध्याय उबाऊ हो सकता है जब पाठक प्रेरित के मसीही शिक्षाओं से समझौता करने वालों के चरित्र और मार्गों पर तीखे प्रहारों से होकर निकलता है। यह दूसरा अध्याय पढ़ने में कुछ असुविधाजनक और उबाऊ है। परन्तु, हमें ध्यान देना चाहिए कि एक प्रकार से प्रेरित की चेतावनियाँ नए नियम में पाई जाने वाली चेतावनियों में से सबसे व्यावाहरिक हैं। पतरस ने जो बात स्पष्ट की वह थी कि झूठे उपदेशकों को कदापि सहन नहीं किया जाना है। उन्हें

कलीसिया में घुसने या कलीसिया की जीवन शैली और नियमों को कमज़ोर करने नहीं दिया जाना चाहिए। जब तक ऐसे लोग हैं जो मसीह के नाम में मसीही शिक्षाओं के साथ समझौता करते हैं, जो मसीहियों का लाभ उठाते हैं, कलीसिया को 2 पतरस से मार्गदर्शन मिलेगा। इस पत्री में संबोधित किए गए विषय असंगत नहीं हैं; वे समाप्त नहीं हो गए हैं।

आयत 3. लुचपन में पड़ जाने के अतिरिक्त, जो कलीसियाओं को विचलित कर रहे थे, वे लालच से प्रेरित थे। अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए वे चतुर और भ्रामक उपायों का प्रयोग करने से पीछे हटने वाले नहीं थे। पतरस ने चिताया, **वे झूठे शब्दों द्वारा तुम से लाभ उठाएंगे।** पतरस झूठे उपदेशकों के विषय तीन बातें पहले ही कह चुका था: (1) उन्होंने प्रभु का इन्कार किया। (2) वे लुचपन में पड़े हुए थे। (3) वे लालच में पड़े हुए थे। ठगने वाले अपने लाभ के लिए मानवीय आवश्यकताओं और दुर्बलताओं से होकर अहेर करते हैं। अनुचित उपयोग करना सभी स्थानों पर पाया जाता है। कुछ शारीरिक स्वास्थ्य की इच्छा का अनुचित उपयोग चिकित्सक बनकर या कोई आश्चर्यजनक रीति से कार्य करने वाली दवा के होने के दावे द्वारा करते हैं। विश्वासियों को इससे अचरज नहीं होना चाहिए कि जो लालच से प्रेरणा पाए हुए होते हैं वे धर्म को लाभप्रद धंधा बना लेते हैं। जब वे नैतिक बन्धनों से स्वतंत्र करने की प्रतिज्ञा को भावनात्मक उत्तेजना के साथ मिला देते हैं, तो झूठे शिक्षकों को तैयार श्रोता मिल जाते हैं।

पतरस पहले ही कह चुका था कि झूठे उपदेशक "अपने ऊपर शीघ्र विनाश को लेकर आ रहे हैं।" उसने और ज़ोर देकर कहा, **जो दण्ड की आज्ञा उन पर पहले से हो चुकी है उसके आने में कुछ भी देर नहीं, और उनका विनाश ऊँघता नहीं।** प्रेरित ने "न्याय" और "विनाश" को मानवीय गुण देकर उनको एक व्यक्तित्व प्रदान किया। यूनानी इस व्यक्तित्व प्रदान करने को मूर्तिपूजा की सीमा तक ले जाते थे। *"इरोस"* (ἔρως) न केवल वासना की प्रचुर मात्रा के साथ शारीरिक प्रेम था, वरन ईरोस एक युवा देवता का नाम भी था जो एफ्रोडाईटि का पुत्र था, तथा औरों में वासना जगाता फिरता था। इसी प्रकार चंगाई देने वाले देवता एसक्लिपियस की सहचारी कभी कभी एक देवी होती थी जिसका नाम स्वास्थ्य (Ὑγίεια, *हगेइया)* था।

पतरस के लिए, व्यक्तित्व प्रदान करना अलंकरित भाषा का प्रयोग, बात कहने का प्रभावी विधि मात्र था। प्राचीन युगों से परमेश्वर की इच्छा (ἔκπαλαι, *एक्पलाई)* रही है कि युगान्त संबंधी युग में झूठे उपदेशकों के जैसे लोगों का न्याय और विनाश हो। पतरस ने अपने पाठकों को आश्वस्त किया, "झूठे उपदेशकों के अन्त के विषय में कोई गलती मत करना।" परमेश्वर के उद्देश्य पूरे होने को हैं। न्याय के आने में न तो "विलंब" है और न ही वह "ऊँघ" रहा है। इसके बाद की आयतों में, पतरस ने वे उदाहरण दिए जब परमेश्वर का न्याय फल लाया। जैसे कि 3:9 में, पतरस ने आग्रह किया कि जो परमेश्वर के धैर्य को आनाकानी करना या निःसहाय होना समझते हैं वे बीते युगों में परमेश्वर द्वारा संसार पर लाए गए न्याय के बारे में विचार करें।

परमेश्वर के न्याय की निश्चितता (2:4-10)

[4]क्योंकि जब परमेश्वर ने उन स्वर्गदूतों को जिन्होंने पाप किया नहीं छोड़ा, पर नरक में भेजकर अन्धेरे कुण्डों में डाल दिया ताकि न्याय के दिन तक बन्दी रहें; [5]और प्राचीन युग के संसार को भी न छोड़ा, वरन् भक्तिहीन संसार पर महा जल-प्रलय भेजा, पर धर्म के प्रचारक नूह समेत आठ व्यक्तियों को बचा लिया; [6]और सदोम और अमोरा के नगरों को विनाश का ऐसा दण्ड दिया कि उन्हें भस्म करके राख में मिला दिया ताकि वे आनेवाले भक्तिहीन लोगों की शिक्षा के लिये एक दृष्टान्त बनें, [7]और धर्मी लूत को जो अधर्मियों के अशुद्ध चालचलन से बहुत दुःखी था छुटकारा दिया। [8](क्योंकि वह धर्मी उनके बीच में रहते हुए और उनके अधर्म के कामों को देख देखकर और सुन सुनकर, हर दिन अपने सच्चे मन को पीड़ित करता था।) [9]तो प्रभु भक्तों को परीक्षा में से निकाल लेना और अधर्मियों को न्याय के दिन तक दण्ड की दशा में रखना भी जानता है, [10]विशेष करके उन्हें जो अशुद्ध अभिलाषाओं के पीछे शरीर के अनुसार चलते और प्रभुता को तुच्छ जानते हैं।

यह लंबा यूनानी वाक्य कभी अपनी सही समाप्ति पर नहीं आता है। इसका अन्त आयत 10 में हो जाता है जब पतरस अपना ध्यान झूठे उपदेशकों के और आगे के विवरण की ओर ले जाता है। एक के बाद एक सशर्त वाक्यों के द्वारा प्रेरित ने तर्क दिया कि परमेश्वर जिसने बीते समयों में न्याय किया था, वही आज भी फिर से करने के लिए सक्षम है। यहूदा के साथ के समानान्तर प्रकट हैं। यदि परमेश्वर ने स्वर्गदूतों को नहीं छोड़ा, यदि उसने नूह के संसार को नहीं छोड़ा, यदि उसने सदोम और अमोरा को नहीं छोड़ा ... हम वाक्य के आगे बढ़ाए जाने की आशा रखते हैं कि, "तो वह झूठे उपदेशकों को भी नहीं छोड़ेगा। उनका न्याय भी होगा।" पतरस ने ऐसा नहीं कहा, यद्यपि यह तात्पर्य स्पष्ट है। कुछ अनुवाद वाक्य को पूरा करने के लिए आयत 9 में "तो" डालते हैं, परन्तु यह प्रयास कृत्रिम है।

आयत 4. इस आयत से स्वर्गदूतों के बारे में कोई सिद्धांत बनाने से पाठकों को सचेत रहना चाहिए, और शैतान के उद्गम का तो कदापि नहीं बनाना चाहिए। यहाँ विषय परमेश्वर का न्याय है; स्वर्गदूत तो प्रासंगिक हैं। पतरस ने मनुष्यों और परमेश्वर के मध्य स्वर्गदूतों के कार्य करने की विधि के बारे में कोई धर्मविज्ञान प्रस्तुत नहीं किया। उसने उनके रचे जाने के या किस प्रकार के पापों के कारण उनका न्याय हुआ इन बातों के विषय कुछ नहीं कहा। हम अधिक से अधिक यह कह सकते हैं कि स्वर्गदूतों का उल्लेख पाठकों के लिए निमंत्रण है कि वे उनके विषय में प्रश्न पूछें।

हमें यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि बाइबल में स्वर्गदूत, दुष्टात्माएं, और शैतान पहेलियाँ हैं। दोनों इब्रानी शब्द מַלְאָךְ *(मलाक)* और यूनानी शब्द ἄγγελος *(एंगेलोस)* जातिगत शब्द हैं जिनका अर्थ होता है "सन्देशवाहक।"

परमेश्वर ने कुछ अवसरों पर लोगों के पास सन्देशवाहक भेजे। कुछ स्वर्गदूतों को नाम भी दिए गए: मिकाईल और गेब्रिएल। कहने के लिए इससे अधिक और कुछ नहीं है। फिर भी, अन्दाज़ा लगाने वाली मनसा के व्यक्ति इससे और बहुत कुछ कहने से नहीं रुकते हैं। कोई यह सोच सकता है कि जब अय्यूब और भजनों में स्वर्ग में सभा का उल्लेख होता है तो उसे शब्दार्थ के अनुसार नहीं लेना चाहिए। स्वर्गदूतों को वरियता के स्तर जैसे करूब और सर्राफ के अनुसार रखना खालिस अन्दाज़ा लगाना है। बाइबल के वृतांत में परमेश्वर से सन्देशवाहक प्रकट होते रहते हैं। ऐसे प्राणी प्रत्यक्षतः विद्यमान हैं। हम इतना तो जानते हैं।

न तो शब्द "devil" और न ही "Satan" 2 पतरस 2:4 में आता है।[4] परन्तु फिर भी इस आयत को उसके उद्गम का कथन मान लिया गया है। यह एक लंबे समय से चली आ रही धारणा है कि शैतान एक स्वर्गदूत था जिसके घमण्ड ने उससे परमेश्वर के विरुद्ध विद्रोह करवाया। बाइबल में ऐसे कथनों का आभाव है। प्रकाशितवाक्य 12 यूहन्ना के द्वारा दिया गया एक बहुत प्रतीकात्मक और स्वप्नदृष्टा कथन है। इस परिच्छेद से शैतान के उद्गम के बारे में कोई सार्थक वक्तव्य निकाल पाना कठिन है। जब यीशु ने कहा कि "मैं शैतान को बिजली के समान स्वर्ग से गिरा हुआ देख रहा था" (लूका 10:18), तो संदर्भ स्पष्ट करता है कि वह शैतान की उस आत्मिक हार के बारे में बात कर रहा था, जो उन सत्तर के कार्य के द्वारा हुई थी। परिच्छेद जैसे कि यहेजकेल 28 परमेश्वर द्वारा सोर के न्याय की बात करते हैं। यद्यपि इस परिच्छेद में अदन की वाटिका का उल्लेख हैं, परन्तु इसमें शैतान के उद्गम को देखना काल्पनिक है। स्वर्गदूतों के समान ही शैतान बाइबल में बस प्रकट हो जाता है। शैतान मनुष्य के पाप से कैसे संबंधित है या करवाता है यह स्पष्ट नहीं है। वह जो भी करता हो, यह स्पष्ट है कि उस के कारण मनुष्य उत्तरदायी होने से बच नहीं सकता है।

इस विषय पर हम यह कह सकते हैं कि कहीं कुछ स्वर्गदूतों ने **पाप किया**। यदि पतरस बाइबल की किसी घटना का हवाला दे रहा होता जहाँ स्वर्गदूतों ने पाप किया, तो उत्पत्ति 6:1-4 सबसे अच्छा उदाहरण होता। बाढ़ से ठीक पहले, उत्पत्ति में दर्ज है कि "तब परमेश्वर के पुत्रों ने मनुष्य की पुत्रियों को देखा, कि वे सुन्दर हैं; सो उन्होंने जिस जिस को चाहा उन से ब्याह कर लिया।" इस संदर्भ में सृष्टि की दुष्टता दर्ज की गई है। इसका परिणाम था कि परमेश्वर ने बाढ़ को भेजा। यद्यपि उत्पत्ति 6 में स्वर्गदूत शब्द का प्रयोग नहीं किया गया है, "परमेश्वर के पुत्रों" का संकेत स्वर्गीय प्राणियों की ओर हो सकता है जैसे कि अय्यूब 1:6 में है।

अन्य सोच-विचार भी हैं जिनका हवाला इस बात के समर्थन में दिया जाता है कि पतरस के स्वर्गदूत, उत्पत्ति 6:2 के "परमेश्वर के पुत्रों" के बराबर हैं। नए नियम के समय में, रब्बियों ने बहुत रुचि दिखाई, उत्पत्ति 6:2 के "परमेश्वर के पुत्रों" को लगभग थाम कर रख लिया। उस समय का एक रोचक प्रसंग है जिसे 1 हनोक कहा जाता है जो उत्पत्ति 6 के वृतांत को संवारता है। क्योंकि यहूदा ने 1 हनोक का उद्धरण किया, इसलिए यह कहना काफी सीमा तक सुरक्षित है कि पतरस और यहूदा दोनों ही उसके बारे में जानते थे। इसके अतिरिक्त, पतरस ने

नूह के दिनों में संसार पर आने वाले न्याय का अपनी दो पत्रियों में तीन बार उल्लेख किया है (1 पतरस 3:20; 2 पतरस 2:5; 3:6)। "परमेश्वर के पुत्रों" की घटना से उस अध्याय का आरंभ होता है जिसमें बाढ़ का परिचय आता है।

अन्त में प्रमाण अनिश्चित है। संभव है कि पतरस के मन में उत्पत्ति 6 के "परमेश्वर के पुत्रों" का ध्यान न हो, जब उसने कहा कि स्वर्गदूतों को नरक में डाला गया। यदि नहीं था, तो पुराने नियम के किसी अन्य खण्ड के बारे में ध्यान करना कठिन है जहाँ पाप करने वाले स्वर्गदूत विषय-वस्तु हों। यहूदा ने भी स्वर्गदूतों पर आए न्याय का उल्लेख किया, परन्तु यह भी जोड़ दिया कि वे इसलिए गिर गए क्योंकि वे उस स्थान को लेकर सन्तुष्ट नहीं थे जो परमेश्वर ने उन्हें दिया था। पतरस के समान यहूदा ने स्वर्गदूतों द्वारा पाप करने के पीछे किन्हीं विशिष्ट परिस्थितियों का कोई विवरण नहीं दिया।

पतरस ने कहा, **परमेश्वर ने उन स्वर्गदूतों को जिन्होंने पाप किया नहीं छोड़ा, पर नरक में भेज दिया।** शब्द "नरक ... में भेज दिया" (ταρταρόω, *तरतारओ)* एक क्रिया है जिसका अर्थ है "तरतरुस में डाल दिया।" यह नए नियम में केवल यहीं प्रयुक्त हुआ है। अन्यजाति मूर्तिपूजकों के साहित्य में तरतरुस पृथ्वी के भीतर का एक भाग था, जहाँ ओलिम्पस के देवताओं के पुरखे, टाईटन्स, डाल दिए गए थे। पतरस ने संभवतः इस शब्द को इसलिए चुना क्योंकि महामानव प्राणी, यहाँ पर स्वर्गदूत, उसका विषय थे। हो सकता है कि वह कहता कि दुष्ट लोग हेडिस में डाल दिए गए थे।

कुछ अभिलेख कहते हैं कि स्वर्गदूतों को "अन्धेरेपन [σειραῖς, *सिराइस]* की ज़ंज़ीरों से बान्धकर," जब कि अन्य इसे "अन्धेरे कुण्डों (διροῖς, *सिरोइस)* में डाल दिया" पढ़ते हैं। इस बाद वाली बात का NASB, वाक्यांश **अन्धेरे कुण्डों** में द्वारा समर्थन करती है। हम चाहे किसी भी लेख को चुन लें, विचार में कोई विशेष भिन्नता नहीं है। "ज़ंज़ीरें" या "कुण्ड" रूपक अलंकार हैं। आत्मिक प्राणियों के लिए वास्तविक ज़ंज़ीरें या कुण्ड कोई अर्थ नहीं रखते हैं। जिस **न्याय** का स्वर्गदूत प्रतीक्षा कर रहे थे संभवतः वह वही है जो प्रभु के लौट कर आने के बाद सबका परमेश्वर के सामने खड़े होकर होगा।

आयत 5. प्रेरित झूठे उपदेशकों पर निश्चित आने वाले न्याय पर केंद्रित रहा। यदि परमेश्वर ने स्वर्गदूतों को नहीं छोड़ा, तो उसने **प्राचीन संसार को भी नहीं छोड़ा।** उत्पत्ति 6 में बाढ़ का वृतांत उस वर्णन के तुरंत बाद दिया गया है जिसमें परमेश्वर के पुत्र मनुष्यों की पुत्रियों के पास गए। जैसा ऊपर कहा गया है, घटनाओं का क्रम इस सुझाव का कुछ समर्थन करता है कि 2:4 के "स्वर्गदूत" उत्पत्ति 6 के "परमेश्वर के पुत्रों" के बराबर हैं। पतरस के समान, यहूदा ने भी तीन उदाहरणों की ओर संकेत किया जहाँ परमेश्वर ने अधार्मिकता का न्याय किया। उनमें से दो तो वही हैं, परन्तु यहूदा परमेश्वर द्वारा जंगल में इस्राएल पर लाए गए न्याय का प्रयोग करता है न कि बाढ़ की कथा का (यहूदा 5)। पतरस ने बाढ़ को यहाँ भी और 3:5, 6 में भी परमेश्वर का न्याय कहा; यहूदा ने बाढ़ का कोई उल्लेख नहीं किया।

पतरस ने यहूदी और मसीही परंपरा का पालन किया जब उसने नूह को **धर्म का प्रचारक** कहा। यह विचार करना यथोचित है कि नूह उस सारी अभक्ति को देखकर दुःखी हुआ होगा। हम कल्पना कर सकते हैं कि वह अपने समकालीन लोगों से अपनी दुष्टता को छोड़ने और धार्मिकता का जीवन बिताने को कहने का प्रयास करता होगा। परन्तु उत्पत्ति में, मनुष्यों ने अपने आप को जिस स्थिति में कर लिया था, उसके लिए नूह नहीं वरन परमेश्वर दुःखी हुआ।

> और यहोवा ने देखा, कि मनुष्यों की बुराई पृथ्वी पर बढ़ गई है, और उनके मन के विचार में जो कुछ उत्पन्न होता है सो निरन्तर बुरा ही होता है। और यहोवा पृथ्वी पर मनुष्य को बनाने से पछताया, और वह मन में अति खेदित हुआ (उत्पत्ति 6:5, 6)।

लेख इसके बाद जोड़ता है, "और परमेश्वर ने पृथ्वी पर जो दृष्टि की तो क्या देखा, कि वह बिगड़ी हुई है; क्योंकि सब प्राणियों ने पृथ्वी पर अपना अपना चाल चलन बिगाड़ लिया था" (उत्पत्ति 6:12)।

उत्पत्ति में नूह द्वारा प्रचार किए जाने का कोई उल्लेख नहीं है। उसका वर्णन धर्मी व्यक्ति कह कर किया गया है। जब परमेश्वर ने उसे जहाज़ बनाने का बीड़ा सौंपा तो वह विश्वासयोग्य रहा। पतरस के लिए, नूह द्वारा प्रचार करना, उसका केंद्र बिन्दु नहीं था। परमेश्वर का न्याय विषय था। जो झूठे उपदेशक कलीसियाओं को तंग कर रहे थे जिन्हें पतरस सम्बोधित कर रहा था उनके लिए भला होता यदि वे परमेश्वर द्वारा जल प्रलय से पहले के संसार पर परमेश्वर द्वारा लाए गए न्याय पर ध्यान देते।

जैसा कि अधिकांश अन्य अनुवाद करते हैं, NASB ने भी यूनानी का भावानुवाद किया है, जब पतरस कहता है **नूह समेत आठ व्यक्तियों को बचा लिया**। यूनानी का वास्तविक अनुवाद है, "परमेश्वर ने नूह को बचाया जो आठवाँ था।" प्रेरित ने 1 पतरस 3:20 में भी "आठ व्यक्तियों" का उल्लेख किया था जो जल-प्रलय से बचाए गए थे। उत्पत्ति के वृतांत में ये आठ हैं नूह, उसकी पत्नि, उसके तीन बेटे, और उनकी पत्नियाँ (उत्पत्ति 8:18)। रिचर्ड जे. बॉकहैम का मानना है कि प्रेरित संख्या आठ का, उसके सांकेतिक महत्व के कारण, प्रयोग करने के प्रति सावधान था। आरंभिक मसीही आने वाले युग को आठवाँ दिन मानते थे, उत्पत्ति 1; 2 में दी गई सृष्टि की रचना के दिनों में जोड़ा गया एक दिन। इसके अतिरिक्त वे इतवार को "आठवाँ दिन" मानते थे, शेष सप्ताह से पृथक किया गया एक दिन।[5]

शेष मानव जाति के लिए, **परमेश्वर ने भक्तिहीन संसार पर महा जल-प्रलय भेजा**। परमेश्वर ने जल-प्रलय को लाकर यह दिखाया कि वह धार्मिकता चाहता है। वही परमेश्वर जिसने तब संसार का न्याय किया था अब भी करेगा। पतरस के पाठकों का ध्यान इस बात पर अवश्य जाता, कि परमेश्वर ने आठ को बचाया था। जिन स्वर्गदूतों ने पाप किया उनमें से कोई भी नहीं बचा। जब जल-प्रलय आया तब परमेश्वर ने धर्मियों को बचा लिया। जब अन्तिम न्याय आएगा, तो

आशा की जा सकती है कि परमेश्वर विश्वासियों को झपट कर मृत्यु से बचा लेगा जैसे उसने नूह को बचाया था। नूह के समान, परमेश्वर की आशा थी कि पतरस के पाठक भी धार्मिकता के प्रचारक होंगे। जल-प्रलय के संसार का नाश होना पाप करने वाले स्वर्गदूतों के नाश होने के अनुरूप है। आठ का बचाया जाना कुछ नया योगदान करता है।

आयत 6. जैसा उसने पहले भी किया था, पतरस ने उत्पत्ति से परमेश्वर के न्याय का तीसरा उदाहरण भी लिया। जैसे परमेश्वर ने पाप करने वाले स्वर्गदूतों और जल-प्रलय के पहले के संसार का न्याय किया, **उसी प्रकार उसने सदोम और अमोरा के नगरों को विनाश का ऐसा दण्ड दिया।** सदोम और अमोरा की ओर बाइबल में ध्यान बहुतायत से दिया गया है। उत्पत्ति 19 में उनके विनाश के दर्ज किए जाने के पश्चात, मूसा और अन्य भविष्यद्वक्ताओं ने इस्राएल के समक्ष इन शहरों को बहुधा ऐसे भक्तिहीनों के उदाहरणस्वरूप रखा, परमेश्वर जिनका न्याय करता है (व्यवस्थाविवरण 29:23; 32:32; यशायाह 1:9, 10; 3:9; 13:19; यिर्मयाह 23:14; 49:18; 50:40; विलापगीत 4:6; यहेजकेल 16:46-56; अमोस 4:11; सपन्याह 2:9)। मत्ती और लूका में सदोम के पाँच हवाले हैं; और पौलुस ने एक बार इस शहर का उल्लेख किया है (रोमियों 9:29)।

दोनों, पतरस और यहूदा ने इन शहरों का उल्लेख परमेश्वर के न्याय के अवश्यंभावी होने को दिखाने के लिए किया। अन्य लेख, दोनों यहूदी और मसीही स्त्रोतों से, जो नए नियम के लेखकों के लगभग समकालीन हैं, उनमें बहुधा सदोम और अमोरा का उल्लेख दुष्टों पर परमेश्वर के न्याय के लिए किया गया है। जोसेफस ने दावा किया था कि उसने वह नमक का खंबा देखा था जो लूत की पत्नि बन गई थी।[6] पतरस ने इन शहरों की दुष्टता को सामान्य शब्दों में रखा, परन्तु यहूदा ने विशेषतया उनके समलैंगिक होने के पाप का उल्लेख किया (देखिए यहूदा 7 की टिप्पणियाँ)। इस शहर ने अंग्रेज़ी भाषा पर भी शब्द "sodomite" में होकर अपना प्रभाव छोड़ा है।

पतरस उन शहरों पर आए परमेश्वर के न्याय के विषय विशिष्ट था। उसने **उन्हें भस्म करके राख में मिला दिया।** परंपरा के अनुसार यहूदियों ने सदोम और अमोरा को मृतक सागर के इलाके में पाया है। मृतक सागर के आस-पास का इलाका लवणीय, सूखा और निर्जन है। यह कहा जा सकता है कि वह भूमि राख हो गई है। एक प्राचीन भूगोल शास्त्री ने, जो पतरस का समकालीन था, मृतक सागर के इलाके की भूमि को "राख की भूमि" कहा है। उसने राख के लिए जो शब्द प्रयोग किया वह पतरस द्वारा प्रयुक्त क्रिया (τεφρόω, *टेफ्रू*) के समान है।[7] जैसे यीशु ने लूका 17:26-30 में किया, पतरस ने भी नूह के संसार का उल्लेख जल द्वारा परमेश्वर के न्याय को दिखाने के लिए, तथा सदोम और अमोरा के शहरों का आग द्वारा उसका न्याय दिखाने के लिए किया।

जिससे जो सदोम और अमोरा के साथ हुआ **वह आनेवाले भक्तिहीन लोगों की शिक्षा के लिये एक दृष्टान्त बनें।** जिस शब्द का अनुवाद "दृष्टान्त" (ὑπόδειγμα, *हुपोदेइग्मा)* हुआ है वह सकारात्मक उदाहरण हो सकता है

जिसका अनुसरण किया जाना चाहिए, या नकारात्मक हो सकता है जिससे बच कर रहना चाहिए। संदर्भ बताता है कि कौन सा सही है। यह ध्यान देने योग्य है कि जब यीशु को मसीहियों के लिए "उदाहरण" होना है (1 पतरस 2:21), तब लेखक ने एक भिन्न यूनानी शब्द प्रयोग किया, वह जो सकारात्मक उदाहरण के लिए अधिक प्रयोग होता है। जब पतरस ने कहा कि "भक्तिहीन लोगों" का परमेश्वर द्वारा सदोम और अमोरा पर लाए गए न्याय के विषय में ध्यान करना भला होगा, तब वह झूठे उपदेशकों के बारे में सोच रहा था।

आयत 7. जब पतरस का विषय नूह के समय का संसार था, तो उसने विनाशकारी न्याय के स्मरण को कोमल किया, यह बताने के द्वारा कि परमेश्वर ने आठ विश्वासी लोगों को बचा लिया था। इसी प्रकार, जब परमेश्वर ने सदोम और अमोरा पर आग बरसाई, तो **उसने धर्मी लूत को बचा लिया।** विचार यही है कि जिस प्रकार परमेश्वर ने बीते समय में विश्वासियों को बचाया था, उसी प्रकार जब झूठे उपदेशकों का न्याय किया जाएगा, तब भी वह विश्वासियों को बचा लेगा। परन्तु पतरस लूत पर चर्चा में अटक गया और अपने विचार को पूरा नहीं कर सका।

यह आयत उस लंबे और जटिल वाक्य का भाग है जिसका आरंभ 2:4 में हुआ था, "क्योंकि जब परमेश्वर ने उन स्वर्गदूतों को जिन्होंने पाप किया नहीं छोड़ा ... ।" आयत 7 में NASB यदि को तिरछे अक्षर में दोहराती है जिससे पाठक समझ लें कि अनुवादकों ने इस शब्द को वाक्य पूरा करने के लिए जोड़ा है। यह डाला गया "क्योंकि" फिर 2:9 में डाला गया "तो" पर ले जाता है जिससे सशर्त वाक्य पूरा हो। यह आशा की जाती है कि 2:4 के "क्योंकि" का परिणाम होगा "तो परमेश्वर झूठे उपदेशकों को भी नहीं छोड़ेगा" (वही उपदेशक जिनका उल्लेख 2:1-3 में हुआ है), परन्तु पतरस ने इस विचार को पूरा किया ही नहीं। वरन, लूत का उल्लेख करने से वह विचार से हट कर एक नई दिशा में चल पड़ा।

यह अचरज की बात है कि पतरस लूत को "धर्मी" कहता है, और यह भी कि वह **अधर्मियों के अशुद्ध चालचलन से बहुत दुःखी था।** जब हम उत्पत्ति 13:1-13 में लूत की कहानी पढ़ते हैं, तो विशेषण "धर्मी" ध्यान में नहीं आता है। उसके चाचा अब्राहम ने लूत को भूमि का चुनाव करके अपने गल्ले को ले जाने का अवसर दिया। लूत ने यरदन की तराई का उपजाऊ इलाका चुना। उसने, उस नगर की दुष्टता के बावजूद "अपना तम्बू सदोम के निकट खड़ा किया" (उत्पत्ति 13:12)।

संभवतः पतरस ने लूत को "धर्मी" इसलिए कहा क्योंकि उसे लूत द्वारा स्वर्गदूतों की पहुनाई स्मरण आई (उत्पत्ति 19:1-3)। इसके अतिरिक्त, परमेश्वर द्वारा आने वाले न्याय के कारण लूत को नगर छोड़कर जाने की चेतावनी देना यह दिखाता है कि लूत उस नगर की दुष्टता से भ्रष्ट नहीं हो गया था। अन्ततः, हमें पतरस की बात पर विश्वास करना पड़ेगा। पतरस ने हमें लूत के बारे ऐसा कुछ बताया जो हम उत्पत्ति को पढ़ने से नहीं जान सकते थे। उत्पत्ति में ऐसा कोई संकेत नहीं है कि लूत अपने पड़ोसियों के व्यवहार से "दुःखी" होता था। फिर भी

उसका धार्मिकता का व्यवहार, जब देश पर विनाश आया तो परमेश्वर द्वारा उसे बचाने का अच्छा स्पष्टिकरण है।

आयत 8. हो सकता है कि क्योंकि उत्पत्ति में लूत को बहुत अच्छाई के साथ प्रस्तुत नहीं किया गया है इसीलिए पतरस ने उसकी धार्मिकता का बख़ान किया। लूत का **सच्चा मन**, जिन बातों को वह **देखता और सुनता** था उनसे बहुत **दुःखी होता था**। सदोम के लोगों की भक्तिहीनता के प्रति नीरस रहने के स्थान पर, लूत उससे दुःखी होता था। जब वह अपने आस-पास होने वाली भयानक बातों को देखता था तो वह बोझिल होता था।

पतरस के पाठकों को भी इसी प्रकार से उस संसार में जीना था जहाँ क्रूरता, लुचपन, और मूर्तिपूजा सामान्य थे। पतरस के सन्देश में दोहरा अर्थ निहित है: (1) परमेश्वर भक्तीहीनों का न्याय करता है परन्तु विश्वासियों को बचा लेता है। (2) मसीहियों को संसार के पाप के साथ समझौता नहीं करना चाहिए, नहीं तो वे भी भक्तिहीनों के न्याय के संभागी हो जाएंगे। लूत के उदाहरण से शिक्षा लेते हुए, मसीहियों को पाप को हल्के में नहीं लेना चाहिए। लूत सदोम से भाग निकलने के द्वारा मृत्यु से तो बचा, परन्तु भक्तिहीन लोगों के मध्य रहने के सभी परिणामों से नहीं बच सका। उसे अपनी पत्नि और समस्त संपदा की हानि उठानी पड़ी। पाप से खिलवाड़ करने के परिणाम होते हैं, तब भी जब परमेश्वर पापी को अन्तिम विनाश से बचा लेता है।

आयत 9. अन्ततः हम 2:4 में आरम्भ हुए लंबे वाक्य के अन्त पर आते हैं, चाहे अन्त वैसा नहीं है जैसी हमने अपेक्षा की थी। वाक्य का आरंभ न्याय के साथ हुआ था; उसका अन्त धर्मियों के बचाए जाने और दुष्टों के नाश से होता है। अपने पाठकों को आश्वस्त करने के लिए कि परमेश्वर उन झूठे उपदेशकों की, जो कलीसिया को परेशान कर रहे थे, अवहेलना नहीं कर रहा था, पतरस ने पवित्र-शास्त्र से तीन उदाहरण सामने रखे, जहाँ परमेश्वर ने दुष्टों का न्याय किया था: (1) वे स्वर्गदूत जिन्होंने पाप किया था, (2) जल-प्रलय से पूर्व का नूह का संसार, और (3) सदोम और अमोरा। अन्तिम दोनों उदाहरणों में उसने परमेश्वर द्वारा बचा लेने का भी उल्लेख किया: **तो प्रभु भक्तों को परीक्षा में से निकाल लेना भी जानता है।** "परीक्षा" (πειρασμός, *पिरासमोस)* से तात्पर्य कष्ट है। नूह को कष्ट उठाना पड़ा जब उसने अपने आप को ऐसे लोगों के मध्य पाया जिनका मन सदा ही पाप करने पर लगा रहता था। लूत को कष्ट उठाना पड़ा जब उसका मन अपने पड़ोसियों के अशुद्ध चालचलन से बहुत दुःखी होता था। प्रत्येक स्थिति में, जब विनाश आया तो परमेश्वर ने धर्मियों को बचा लिया।

हर किसी में परीक्षाओं का सामना करने का धैर्य और दृढ़ निश्चय नहीं होता है। यीशु ने अपने शिष्यों को प्रार्थना करना सिखाया, "हमें परीक्षा में न ला, परन्तु बुराई से बचा" (मत्ती 6:13)। झूठे उपदेशक पतरस के कुछ पाठकों को फुसला लेते। उनमें से कुछ यीशु पर विश्वास से मूँह मोड़ लेते। उनका, जो प्रभु की ओर झुके थे, जिन्होंने पतरस की प्रेरिताई की गवाही को सुना था, जिन्होंने परीक्षाओं का सामना किया था, छुटकारा होना था। परमेश्वर ने नूह को जादुई

रीति से अपने भक्तिहीन सहनिवासियों के मध्य में से उड़ा ले जाने के द्वारा छुटकारा नहीं दिया था। विश्वास के द्वारा नूह ने जहाज़ बनाया (इब्रानियों 11:7)। जो छुड़ाए जाते हैं उन्हें छुड़ाए जाने की कीमत चुकानी पड़ती है। परमेश्वर ने लूत को पापी सदोम से छुड़ाया, परन्तु ऐसा होने में लूत को अपनी पत्नि और सारी संपत्ति की हानि उठानी पड़ी। विडंबना यह है कि उसने यरदन की तराई में रहना इसलिए चुना था जिससे वह अपनी संपत्ति बढ़ा सके। अन्त में उसके पास कुछ नहीं बचा। परमेश्वर द्वारा लूत को छुड़ाना बिना कीमत चुकाए नहीं था। परमेश्वर ऐसी कोई प्रतिज्ञा नहीं देता है कि छुड़ाया जाना सरल होगा। वह छुड़ाए जाने वाले के सक्रिय प्रयासों द्वारा उसे छुड़ाता है। जब "प्रभु भक्तों को परीक्षा में से निकालता" है, तब पाप की एक कीमत चुकानी पड़ती है।

मनुष्यों के प्रसंगों के संबंध में परमेश्वर का न्याय तुरंत प्रकट नहीं होता है। पतरस का अपने पाठकों को आश्वासन था कि जिस अन्याय को वे सहन कर रहे थे परमेश्वर उसके प्रति सचेत था। साथ ही, वह झूठे उपदेशकों के भक्तिहीन व्यवहार को भी जानता था। परमेश्वर बचाना जानता है। साथ ही **वह अधर्मियों को न्याय के दिन तक दण्ड की दशा में रखना भी जानता है**। मसीही विश्वास का आधारभूत सिद्धांत है कि वही प्रभु जो बचाने वाल बनकर आया, क्रूस पर मारा गया, और परमेश्वर के दाहिने राज्य करने के लिए स्वर्ग पर चढ़ गया, वह दोबारा आ रहा है। "वैसे ही मसीह भी बहुतों के पापों को उठा लेने के लिये एक बार बलिदान हुआ और जो लोग उस की बाट जोहते हैं, उन के उद्धार के लिये दूसरी बार बिना पाप के दिखाई देगा" (इब्रानियों 9:28)। जब वह दोबारा आएगा, तब हर एक आँख उसे देखेगी और "हर एक जीभ अंगीकार" (फिलिप्पियों 2:11) करेगी। उस समय परमेश्वर भक्तिहीनों का न्याय करेगा। अन्ततः परमेश्वर का न्याय सर्वोपरि होगा; परन्तु जब तक वह नहीं आता है, संसार में परीक्षाएं रहेंगी। पतरस का आश्वासन है कि अभी भी, उसके आने से पहले, परमेश्वर धर्मियों को बचा लेगा।

आयत 10. नए नियम का अध्यायों और आयतों में विभाजन सोलहवीं शताब्दी में स्टेफनुस नामक एक फ्रेंच प्रकाशक द्वारा किया गया था। अधिकांशतः विभाजन उचित थे; और पाठकों के भली-भांति काम आते हैं। परन्तु कुछ स्थानों पर, उसने किसी आयत, या अध्याय को ज़ारी विचार के मध्य में ही विभाजित कर दिया। दूसरा पतरस 2:10 ऐसे ही अनुचित बनाई गई आयत का एक उदाहरण है। हम आयत के पहले भाग पर यहाँ विचार करेंगे और शेष का इससे अगले खण्ड में।

पतरस ने सामान्य रूप में पहले ही यह दावा किया था कि परमेश्वर "अधर्मियों को न्याय के दिन तक दण्ड की दशा में रखना भी जानता है।" अब वह विशेषकर आस-पास के उन झूठे उपदेशक की ओर मुड़ा। उसने इन झूठे उपदेशकों को दो बातों के लिए दोषी ठहराया: (1) वे **अशुद्ध अभिलाषाओं के पीछे शरीर के अनुसार चलते हैं**, और (2) वे **प्रभुता को तुच्छ जानते हैं**। पहले वाक्यांश के लिए प्रेरित ने तीखे शब्दों का प्रयोग किया। उनका वास्तविक शब्दानुवाद होता है,

"विशेषकर वे जो शरीर के पीछे अशुद्धता के लिए जाते हैं।" अभी सदोम पतरस का विषय रहा था। यहूदा के विपरीत, पतरस ने नगर में प्रचलित समलैंगिकता का उल्लेख नहीं किया था, परन्तु यहाँ प्रयोग किए गए शब्दों में समलैंगिकता के सभी चिन्ह हैं। ये शब्द उस प्रहार का आरंभ थे जो प्रेरित ने झूठे उपदेशकों की जीवन शैली पर किया।

झूठे उपदेशक किस "प्रभुता" को "तुच्छ" जानते थे, यह स्पष्ट नहीं है। यूनानी शब्द κυριότης *(कुरियोटेस)* से प्रभु की प्रभुता, संभवतः परमेश्वर की प्रभुता, या उसके सन्देशवाहकों, स्वर्गदूतों की प्रभुता का संकेत मिलता है। यद्यपि पतरस पहले ही पाप कर चुके स्वर्गदूतों का उल्लेख कर चुका था (2:4), और वह आने वाली आयतों में स्वर्गदूतों का उल्लेख फिर से करने वाला था, किंतु ऐसा कोई संकेत नहीं है कि झूठे उपदेशकों की स्वर्गदूतों या स्वर्गदूतों की प्रभुता के प्रति कोई रुचि थी। बाद के ज्ञानवाद के चिंतन में स्वर्गदूतों के महत्व को जानने वाले, वे जो मानते हैं कि झूठे उपदेशकों का झुकाव ज्ञानवाद की ओर था, उनका मानना है कि प्रभुता स्वर्गदूतों की थी। क्योंकि पतरस ने झूठे उपदेशकों को उनके घमंडी, स्वार्थी व्यवहार के लिए दोषी ठहराया था (2:10, 18), इसलिए यह संभव है कि उसका तात्पर्य या तो स्वयं मसीह की प्रभुता से या उस प्रभुता से था जो मसीह ने प्रेरितों को दी थी। झूठे उपदेशक परमेश्वर के सन्देशवाहकों द्वारा पवित्र-आत्मा की प्रेरणा से दी जाने वाली शिक्षाओं को तुच्छ जानते थे।

झूठे उपदेशकों का चरित्र (2:10-16)

[10]वे ढीठ, और हठी हैं, और ऊँचे पदवालों को बुरा भला कहने से नहीं डरते, [11]तौभी स्वर्गदूत जो शक्ति और सामर्थ्य में उनसे बड़े हैं, प्रभु के सामने उन्हें बुरा भला कहकर दोष नहीं लगाते। [12]पर ये लोग निर्बुद्धि पशुओं ही के तुल्य हैं, जो पकड़े जाने और नाश होने के लिए उत्पन्न हुए हैं; और जिन बातों को जानते ही नहीं उनके विषय में दूसरों को बुरा भला कहते हैं, वे अपनी सड़ाहट में आप ही सड़ जाएँगे। [13]दूसरों का बुरा करने के बदले उन्हीं का बुरा होगा। उन्हें दिन दोपहर भोग-विलास करना भला लगता है।ये कलंक और दोष हैं; जब वे तुम्हारे साथ खाते-पीते हैं, तो अपनी ओर से प्रेम भोज करके भोग-विलास करते हैं। [14]उनकी आँखों में व्यभिचार बसा हुआ है, और वे पाप किए बिना रुक नहीं सकते। वे चंचल मनवालों को फुसला लेते हैं। उनके मन को लोभ करने का अभ्यास हो गया है; वे सन्ताप की सन्तान हैं। [15]वे सीधे मार्ग को छोड़कर भटक गए हैं, और बओर के पुत्र बिलाम के मार्ग पर हो लिए हैं, जिस ने अधर्म की मजदूरी को प्रिय जाना; [16]पर उसके अपराध के विषय में उलाहना दिया गया, यहाँ तक कि अबोल गदही ने मनुष्य की बोली से उस भविष्यद्वक्ता को उसके बावलेपन से रोका।

अपने पाठकों को आश्वस्त करने के पश्चात कि झूठे उपदेशकों पर परमेश्वर

का न्याय अवश्यंभावी है, प्रेरित ने उनके चरित्र पर भरपूर प्रहार आरंभ किया। हमारी अभिलाषा है कि वह हमें उनकी शिक्षाओं के बारे में और अधिक बताता। ज्ञानी पश्चिमी संस्कृति, व्यक्तित्वों के वध से बची रहकर, तथ्यों पर चर्चा तक सीमित रहना चाहती है। प्राचीन संसार में, व्यक्ति और सन्देश अधिक निकटता से जुड़े हुए थे।

आयत 10. वह पहली बात जिस पर पतरस ने हमला किया था, कि झूठे उपदेशक प्रभुता के लिए केवल अपनी ही ओर देखते थे, अन्य किसी की ओर कदापि नहीं। वे **ढीठ और हठी** थे। पाप का आरंभ आत्म-निर्भर घमंड से होता है। अन्य बातों के अतिरिक्त भक्ति की माँग है कि व्यक्ति में नम्रता होनी चाहिए कि वह अपने भाई-बहनों से सीखे। 2 पतरस के झूठे उपदेशक केवल उन्हें ही परमेश्वर से मिले "प्रकाशनों" पर निर्भर रहने वाले अन्तिम नहीं थे, वे बाइबल तथा उनसे अधिक बुद्धिमान और परिपक्व मसीहियों से मिलने वाली शिक्षा, जो उन्हें सच्चे मार्ग पर चला सकती थी, को तुच्छ जानते थे।

उनके "ढीठ" तथा "हठी" होने के उदाहरणस्वरूप, पतरस ने कहा कि वे झूठे उपदेशक **ऊँचे पदवालों को बुरा भला कहने से नहीं डरते**। इस अन्तिम वाक्यांश के अनुवाद परस्पर काफी भिन्न हैं। NRSV में लिखा है "वे महिमित लोगों की निन्दा करने से नहीं डरते।" NIV में लिखा है "ये लोग स्वर्गीय प्राणियों की निन्दा करने से नहीं डरते।" यूनानी का वास्तविक शब्दानुवाद है, "जब वे महिमावानों की निन्दा करते हैं तो काँपते नहीं।" "महिमावान" क्या हैं? शब्द "महिमा" (δόξα, *डोक्सा)* बहुवचन में अति दुर्लभ है। ऐसा हो सकता है, परन्तु निश्चित नहीं है, कि यह स्वर्गीय प्राणी के लिए हो। कुछ अवसरों पर इसे आदरणीय लोगों के लिए भी प्रयोग किया गया है। 1 पतरस 1:11 में, प्रतीत होता है कि बहुवचन महिमान्वित वस्तुओं के लिए है। हो सकता है कि पतरस कह रहा था कि झूठे उपदेशक प्रेरितों और कलीसिया के अन्य अगुवों की प्रभुता की निन्दा करते थे। संदर्भ का तर्क है कि "महिमावान" कलीसिया के नेतृत्व में आदरणीय स्थान रखने वालों के लिए है, स्वर्गदूतों के लिए नहीं। पौलुस ने कलीसिया के सम्बंध में कहा, "प्रेरितों और भविष्यद्वक्ताओं की नींव पर जिसके कोने का पत्थर मसीह यीशु आप ही है, बनाए गए हो" (इफिसियों 2:20)। झूठे उपदेशकों के साथ समस्या थी कि कलीसिया के जिन अगुवओं को मसीह ने अपना वचन सौंपा था, वे उनके प्रति कोई आदर नहीं रखते थे। स्वर्गदूत अगली आयत में हैं परन्तु आयत 10 में नहीं।

आयत 11. झूठे शिक्षक उन विशेषाधिकार को मानते थे जिनका इन्कार स्वर्गदूत भी करते थे। वे कलीसिया के आत्मिक अगुवों की भी निंदा करते थे, परन्तु **स्वर्गदूत, जो कि शक्ति और सामर्थ्य में अधिक बड़े हैं, प्रभु के समक्ष उनका कोई निंदनीय न्याय नहीं करते**। जो बहस है वह कमतर से बड़े की ओर है।[8] यदि ऐसा निंदनीय न्याय करना स्वर्गदूतों के लिए अपराधिक था, तो फिर झूठे शिक्षकों का दोष कितना बड़ा था? 2:4 के बाद यह स्वर्गदूतों का पहला उल्लेख है। उनका परिचय झूठे शिक्षकों की उदंडता को दर्शाने के लिए किया गया था जो

प्रेरित अधिकार का विरोध कर रहे थे। 2:10 के "ऊंचे पद वालों" पर उनका कोई अधिकार नहीं है।

"उनसे बड़े" तुलनात्मक शब्द हैं, परन्तु यह स्पष्ट नहीं है कि पतरस चाहता कि उसके पाठक स्वर्गदूतों की किसके साथ तुलना करें। क्या "स्वर्गदूत" शक्ति और सामर्थ्य में उनसे बड़े थे जो "ऊंचे पद वाले" हैं? क्या वे कलीसिया के अगुवों से बड़े थे, या वे झूठे शिक्षकों से बड़े थे? यह कहने की आवश्यकता नहीं कि स्वर्गदूत झूठे शिक्षकों से बड़े थे, पतरस का शायद यही अर्थ था। यह तुलना उन झूठे शिक्षकों के दुस्साहस पर बल देती है जिन्होंने कलीसिया के अगुवों पर निंदनीय आरोप लगाया था।

पतरस किसका उल्लेख कर रहा था जब उसने कहा कि स्वर्गदूत भी "प्रभु के सामने उन्हें बुरा भला कहकर दोष नहीं लगाते"? 2:10 में "ऊंचे पद वालों" की पहचान के आधार पर, "उन्हें" शब्द वाला सर्वनाम अलग होगा। यदि हम NASB (अंग्रेजी) का अनुसरण करके, "ऊंचे पद वालों" का अर्थ "स्वर्गदूत जन" निकालें, तो "उन्हें" का अर्थ "झूठे शिक्षक" होता है। तो इसका अर्थ होगा, झूठे शिक्षक स्वर्गदूत जनों की निंदा करने से हिचकिचाएँगे नहीं, तब भी जबकि स्वर्गदूत झूठे शिक्षकों के विरुद्ध कोई निंदनीय आरोप नहीं लगाते। परन्तु यदि "ऊंचे पद वालों" का अर्थ कलीसिया के अगुवे हैं, जैसा कि हम मानते हैं, तो यह अर्थ निकलता है, "झूठे शिक्षक कलीसिया के अगुवों पर दोष लगाने से नहीं हिचकिचाते, जबकि स्वर्गदूत भी कलीसिया के अगुवों पर दोषारोपण नहीं करते।"

आयत 12. आगे प्रेरित ऐसे कठोर शब्दों की बौछार करता है झूठे शिक्षकों के विरुद्ध जो कि बाइबल में कहीं नहीं पाए जाते, शायद यहूदा के समान्तर परिच्छेद को छोड़कर। ऐसा आभास होता है कि पतरस झूठे शिक्षकों के साथ वही कर रहा था जो, अपने और अन्य कलीसिया के अन्य अगुवों के विरुद्ध, करने के लिए उसने अभी उनको लताड़ा था। उसने उन पर दोषारोपण किया था। उसने कहा, ये झूठे शिक्षक **निर्बुद्धि पशुओं के समान हैं**। वे ऐसे पशुओं के समान हैं जो **पकड़े जाने और नाश होने के लिए** उत्पन्न हुए हैं। पतरस के लिए झूठे शिक्षकों का उद्देश्य, उनके द्वारा बढ़ावा दिया जाने वाला बर्ताव, और उनकी शिक्षा का सार एक साथ जुड़े हुए थे। उसने उनका आंकलन सम्पूर्ण रूप से किया, जो वे थे और उनके द्वारा डाले प्रभाव के आधार पर। अड़ियल तरीके से, उन्होंने तर्क को त्याग दिया था। उनके घिनौने पन से निपटने का एकमात्र तरीका सामान करना था। तर्क का कोई लाभ नहीं था। वे फाड़ खाने वाले पशु थे जो केवल बल प्रयोग करना जानते थे। उनके लिए गूढ़ बातें नहीं थीं। वे केवल अपने भोगविलास का सोचते थे।

एक समय होता है जब कोई उनसे तर्क के लिए अनुरोध कर सकता है जो विश्वास में नए हैं और उत्तरों की खोज में हैं। कुछ का उद्धार होगा जब कोई उनसे विश्वास में अधिक परिपक्व उन्हें "आग में से झपटकर निकाल" लेगा (यहूदा 23)। जिन शिक्षकों का सामना पतरस कर रहा था वे अपने विद्रोह में दृढ़ हो चुके थे।

वे विश्वास की पवित्र मांगों का ठट्ठा उड़ा रहे थे, **जिन बातों को जानते ही नहीं** उनके विषय में दूसरों को **बुरा भला कहते** थे। उन्होंने उदंडता से एक अनैतिक जीवनशैली को बढ़ावा दिया, बिना किसी रोकटोक। अब उन्ही के खेल-मैदान में, जो उन्होंने चुना था, उनका सामना करने के अतिरिक्त कोई और चारा नहीं रह गया था, वह मैदान जहाँ तर्क को त्याग दिया गया था। अंतिम दिन पर जब प्रभु वापस आएगा, "निर्बुद्धि पशु" और "क्रूर जानवरों" (KJV, अंग्रेजी) का विनाश होगा। और उसी समय झूठे शिक्षक भी **अपनी सड़ाहट में आप ही सड़ जाएंगे।** उन्होंने कलीसियाओं में तबाही मचाई होगी, परन्तु उनका अंत निश्चित है।

आयत 13. इस आयत के शुरुआती शब्द प्राचीन यूनानी नया नियम, जो हम तक पहुंचा है, की हस्तलिपियों में अलग पढ़े जाते हैं। KJV (अंग्रेजी) κομιούμενοι *(कोमिओमेनोई)* का अनुवाद करता है "अधार्मिकता का पुरस्कार पाएँगे।" अधिकतर शाब्दिक विद्वान विश्वास करते हैं कि ἀδικούμενοι *(एडिकोमिनोई)* के वाचन के लिए बेहतर प्रमाण हैं। इस बाद वाले वचन के अनुसार, NASB (अंग्रेजी) जोर देता है कि **झूठे शिक्षक गलत कार्यों के वेतन के रूप में गलत कष्ट भोग रहे थे।**[9] गलत कार्यों के वेतन के रूप में गलत कष्ट भोगना एक दिलचस्प विचार है। यह ये सुझाव देता है कि पाप करके कोई बच नहीं सकता, इस जीवन में भी नहीं।

जो दूसरों की कीमत पर भोगविलास करते, जिनके लिए ईमानदारी, व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा, और सिद्धांतों का कोई मोल नहीं होता, वे अच्छे समयों को खो बैठते हैं जीवन में अपनी चुनी हुई प्राथमिकता के कारण। मूसा की व्यवस्था का एक अति विवादित वचन यह कहता है "... जान रखो कि तुम को तुम्हारा पाप लगेगा" (गिनती 32:23)। यह वचन शायद यह कह रहा हो, "पाप अपना ही दण्ड है" – एक विचार जो पतरस के विचार से मेल खाता है। भोगविलास की बेलगाम लालसा लोगों को दुर्गति और बर्बादी की ओर ले जाती है। पाप आत्म-विनाशकारी है। परमेश्वर किसी व्यवहार को बढ़ावा या उसकी मनाही करता है उस व्यव्हार के जीवन प्रदान करने या मृत्यु लाने की क्षमता के अनुसार। नकारात्मक रूप से वर्णित, पाप एक सनकी परमेश्वर द्वारा दिया गया एकपक्षीय हुक्म का नतीजा नहीं है। जो लोग गलत करते हैं वे ऐसे लोग बन जाते हैं जिन्हें एक बच्चे की हंसी से ख़ुशी नहीं मिलती, किसी भले कार्य के करने से संतुष्टि नहीं मिलती। भोगविलास का पीछा करने की प्रक्रिया में, वे निहायत ही दुखी लोग बन जाते हैं, ना केवल स्वयं के लिए पर उन सबके लिए भी जो उनके संपर्क में आते हैं। कोई आश्चर्य की बात नहीं कि वे "गलत कार्यों के वेतन के रूप में गलत कष्ट भोगते हैं।"

न केवल झूठे शिक्षक स्वयं पर विनाशकारी परिणाम लाते हैं, परन्तु वे मसीह की देह को भी दूषित करते हैं। परमेश्वर के छुड़ाए हुए लोगों के साथ मिश्रित होते, **ये कलंक और दोष हैं; जब वे तुम्हारे साथ खाते-पीते हैं, तो अपनी ओर से प्रेम भोज करके भोग विलास करते हैं।** ऐसा लगता है कि प्रेरित अपने पाठकों को ताड़ना दे रहा है झूठे शिक्षकों का खुलासा करने और उनसे अलग होने

में असफल रहने के लिए। REB (अंग्रेजी) का वाचन रंगदार और मूल के यूनानी के अधिक करीब है: दिन के उजाले में दावत करना उनके लिए भोगविलास है; जबकि वे तुम्हारे साथ भोजन के लिए बैठते हैं, वे तुम्हारी संगत पर एक भद्दा दाग हैं, क्योंकि वे अपने छल में मस्त रहते हैं।

पाप कम विनाशकारी नहीं होता चाहे रात के अँधेरे में किया जाए या दिन के उजियाले में, परन्तु दिन के उजियाले का पाप एक निर्लज्ज, कठोर समर्पण की ओर संकेत करता है। पियक्कड़पन और जो भी उसके साथ होता है वे रात के प्राणी लगते हैं (देखें 1 थिस्सलुनीकियों 5:7)। इसका एक नकारात्मक और एक सकारात्मक दोनों पहलू हैं। जब तक पाप में तल्लीन रहने वाले को लज्जा महसूस होती है, उसे क्रूस के संदेश के साथ पहुंचा जा सकता है। जिन्हें **दिन दोपहर भोग-विलास करना भला लगता है** उन्होंने अपनी शर्म पीछे छोड़ दी है। किसी की प्रेरणा के अनुसार, पाप का छिपाना एक आशा की किरण या एक पाखंडी का तमगा भी हो सकता है। एक व्यक्ति अपना पाप छुपा सकता है क्योंकि उसे उससे लज्जा महसूस होती है और वह बदलना चाहता है। उसके लिए आशा है। एक अन्य व्यक्ति पाप छिपाता है क्योंकि वो वह होने के लिए प्रशंसा चाहता था जो बनने की उसमे इच्छा नहीं है। उसके लिए एक पाखंडी का वेतन रखा है।

कई अनुवाद, NASB (अंग्रजी) को शामिल करते हैं, इस आयत में एक दूसरी शाब्दिक विभिन्नता पर ध्यान दें। कुछ हस्तलिपियों में, बजाय "छल" के (ἀπάταις, *अपटैस*), "प्रेम भोज" (ἀγαπαις, *अगपैस)* है। पिछला स्पष्ट रूप में यहूदा 12 का वचन है। यदि हम आयत में "छल" भी पढ़ें, पतरस के मन में साझे भोजन का सन्दर्भ रहा होगा। लोगों का सहृदय संगति मनाने का एक विश्यव्यापी तरीका है, साझा भोजन रखना। दुर्भाग्यवश, ऐसी संगति गिर कर दुरूपयोग भी बन सकती है। पौलुस ने एक तरह के दुरुपयोग से 1 कुरिन्थियों 11:20, 21 में निपटा। पतरस ने एक अन्य प्रकार से निपटा। जब दुष्ट, मनमानी करने वाले लोगों का उस भोज में उन लोगों के साथ स्वागत किया जाता है जो सच्चे विवेक से प्रभु का आदर करना चाहते हैं, तो भोज में उपस्थित सभी लोगों को जैसे ब्रश के एक ही स्पर्श से रंग दिया जाता है। पाप को स्वीकारना, उसके विरुद्ध आवाज़ न उठाना, उसका समर्थन करना है। जब कलीसिया में पाप को सहन किया जाता है, जो लोग मसीह के हैं, वे संसार के समक्ष पवित्रता का कोई विकल्प प्रस्तुत नहीं करते। जो मसीह के बाहर हैं वे जैसे ठट्ठा करते हैं; जो देह में विश्वास में दुर्बल लोग हैं वे निंदक हो जाते हैं और पाप के द्वारा आने वाली मृत्यु से खेलते रहते हैं।

आयत 14. पतरस ने इस सत्र की शुरुआत अपने द्वारा वर्णित लोगों को "झूठे शिक्षक" बुलाते हुए की। फिर भी उसका केंद्र उनका चरित्र और बर्ताव थे, न कि उनकी शिक्षा। वे बुरी तरह गिर चुके थे, **उनकी आँखों में व्यभिचार बसा हुआ है, और वे पाप किए बिना रुक नहीं सकते**। अनुवाद के बावजूद, उस प्रेरित ने "व्यभिचार" (μοιχεία, *मोइकेआ)* के लिए प्रयोग किए जाने वाले साधारण शब्द का प्रयोग नहीं किया, हालाँकि विचार वही रहा होगा। शाब्दिक तौर पर उसने

कहा कि उनकी आँखें "एक व्यभिचारिणी से भरी हैं" (μοιχαλίς, *मोइकालिस*)।

यदि हम पतरस द्वारा प्रयोग किए शब्द को गंभीरता से लें, वह प्रत्यक्ष रूप से कह रहा था कि ये शिक्षक एक स्त्री को केवल एक वासना पूर्ति की वस्तु के रूप में देखना ही जानते थे। जैसे कि आज कुछ हैं जो अश्लील साहित्य बनाने या उसमे मग्न रहते हैं, वे एक स्त्री को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में नहीं देखते थे जिसके साथ कोई एक अर्थपूर्ण संबंध बाँट सके। इसके विपरीत, वह एक उपयोग करके त्याग दिए जाने की वस्तु थी। जो झूठे शिक्षकों जैसे हैं वे इस पड़ाव पर पहुँचते हैं जहाँ वे एक स्त्री से प्रेमपूर्ण, आदान-प्रदान के संबंध में अयोग्य होते हैं। वे "पाप किए बिना रुक नहीं सकते।"

पाप में परीक्षा नहीं होती यदि किसी पड़ाव पर आकर उसमें आकर्षण न होता। अधिकतर लोग, पुरुष और स्त्री, अपने आपमें एक आकर्षण पा सकते हैं कामुक तृप्ति के लिए शुद्ध और सरल। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि झूठे शिक्षक चंचल मन वालों को फुसला लेते हैं। जिस शब्द का अनुवाद **फुसलाना** (δελεάζω, *डेलिएज़ो*) है वह नए नियम में केवल यहाँ पर, 2:18 में, और याकूब 1:14 में पाया जाता है। इसका अर्थ है "कांटे में चारा लगा के शिकार फंसाना" जिस तरह एक मछुआरा अपने शिकार को आकर्षित करता है, झूठे शिक्षक आत्मिक तौर से अपरिपक्व लोगों को फुसलाते थे। एक पड़ाव पर पहुंचकर इस तरह से फुसलाए हुए लोग अपने आप को इस प्रकार की जीवनशैली में फंसा हुआ पाते हैं जिसमें से बचने की उनमें इच्छा ही नहीं रह जाती थी। व्यभिचार को आसानी से सहन करना शरीर में "एक नासूर की तरह फ़ैलता है" (2 तीमुथियुस 2:17) जब तक कि मसीही उसे आँख मारकर या सर हिलाकर अनदेखा करते हैं। इस संसार को व्यभिचार के विकल्प में एक मसीह-तुल्य जीवनशैली प्रस्तुत करने के बजाय, कलीसिया एक मुहर बन सकती है, जो गलत है उसे उचित ठहराते हुए।

झूठे शिक्षकों ने अन्य तरीकों से भी अपने स्वयं की सेवा करने वाले स्वभाव को स्पष्ट दिखाया। उनके **मनों को लोभ करने का अभ्यास हो गया था**। जोसिफस वजन और नाप करने का आविष्कार करने का श्रेय कैन को देता है। उसके द्वारा उसने अपने साथियों में लालच को उत्तेजित किया।[10] मसीह के तरीकों से बिलकुल अलग, अपने लालच के द्वारा, झूठे शिक्षक सन्ताप की सन्तान बन चुके थे। कामुकता और पैसा, ऐसा प्रतीत होता है, प्राचीन जगत में शोषक और दुरुपयोग के बर्ताव के पीछे की चालित शक्ति थी, और आधुनिक जगत में भी। अंग्रजी का शब्द "जिम्नेज़ियम" की जड़ें यूनानी के उस शब्द में पाई जाती हैं जिसका अनुवाद किया जाता था "प्रशिक्षित" (γυμνάζω, *गुमनाज़ो*)। झूठे शिक्षकों ने अपना व्यायाम कर लिया था; उन्होंने अपने आपको सम्पूर्ण रूप से लालसाओं की पूर्ति के लिए दे दिया था और उस लक्ष्य का एक ज़रिया था पैसा।

आयत 15. जब पतरस ने कहा **वे सीधे मार्ग को छोड़कर भटक गए हैं**, वह यह सुझाव दे रहा है कि झूठे शिक्षकों ने मसीहियत की यात्रा की शुरुआत योग्य उद्देश्यों से की थी। हुमिन्युस और सिकन्दर की तरह, उन्होंने अपने विश्वास रूपी

जहाज़ को डुबो दिया है (1 तीमुथियुस 1:19, 20)। केवल मसीह को ग्रहण करना, बपतिस्मा में उसे पहिन लेना, और अपने आप को छुटकारा पाए लोगों में गिनवाना पर्याप्त नहीं है। संयम जीवन की ओर ले जाता है। प्रत्यक्ष रूप से, इन झूठे शिक्षकों ने धन के धोखे को वचन को दबाने दिया; वे फलहीन हो गए थे (मत्ती 13:22)। शाब्दिक रूप से यूनानी अनुवाद कहता है उन्होंने "सीधे मार्ग" को छोड़ दिया था। यीशु ने चेतावनी दी थी कि फाटक छोटा और मार्ग सकरा होगा जो जीवन की ओर ले जाएगा (मत्ती 7:14)। झूठे शिक्षकों ने चौड़े मार्ग को चुना। लालच में फंसकर **बओर के पुत्र बिलाम के मार्ग पर हो लिए**। यह एक पुराना मार्ग था।

बिलाम की कहानी गिनती 22 में शुरू होती है। बलाक, मोआब का राजा, अपने मुख्यद्वार पर इस्राएल के डेरे को देख कर डर गया था। उसने बिलाम नबी को बुलवा भेजा ताकि वह आकर इस्राएल को श्राप दे। बिलाम ने उत्तर दिया कि वह परमेश्वर की आशिषों के बिना कुछ नहीं कर सकता। परमेश्वर ने उससे कहा था कि वह इस्राएल को आशीषित कर चुका है; बिलाम जाने वाला नहीं था। यह मामले का अंत प्रतीत होता है, परन्तु बालाक ने स्थिति को अलग तरीके से आँका। वह जानता था कि लोगों पर क्या प्रभाव डालता है: पैसा और सामर्थ्य। बिलाम अधिक का संकेत दे रहा था। तो बालाक ने अन्य संदेशवाहक भेजे, पहले से अधिक प्रतिष्ठित, अधिक धन के प्रस्ताव के साथ। नबी उत्तर दे सकता था, "तुझे मेरा उत्तर मिल चुका है। परमेश्वर ने मुझे जाने से मना किया है।" इसके बजाय वह डगमगा गया। बिलाम प्रभावित हुआ। धन आकर्षित कर रहा था। शायद वह परमेश्वर पर जोर डाल सके। वह एक और विनती के साथ फिर गया। परमेश्वर ने कहा, "चला जा।" पतरस द्वारा उल्लेखित उन झूठे शिक्षकों की तरह, बिलाम को लालच चला रहा था। बिलाम उन लोगों का आदर्श है जो धर्म का प्रयोग सांसारिक लाभ के लिए करते हैं।

बिलाम एक और तरीके से उन झूठे नबियों के लिए नमूना था। बिलाम इस्राएल को श्राप देने में असफल रहा। वह कर नहीं सका क्योंकि परमेश्वर ने उन्हें आशीष दी थी। फिर भी, बिलाम पूरी तरह असफल नहीं हुआ था। उसने बालाक को सलाह देनी चाही। यदि बालाक इस्राएल को मोआब के मूर्तिपूजक मार्गों में ले जाए, तो परमेश्वर उनसे क्रोधित हो जाएगा। बालाक उन्हें फुसला सकता था। बालाक ने बिलाम की सलाह मानी, जिसके परिणामस्वरूप इस्राएल बओर के बाल में पाप में गिर गया। उनमें से कई मर गए (गिनती 25:1-9)। बाद में, जब युद्ध में स्त्रियों पर कब्ज़ा किया गया और इस्राएल उन्हें युद्ध की लूट के रूप में रखना चाहता था, तब मूसा ने आपत्ति जताई, "देखो, बिलाम की सम्मति से, पोर के विषय में इस्राएलियों से यहोवा का विश्वासघात इन्हीं ने कराया" (गिनती 31:16)। बिलाम इस्राएल को कामुक व्यभिचार की परीक्षा में डालने के द्वारा सफल हुआ। वह लालच और कामुकता का चिन्ह था, और ये दोनों उन झूठे शिक्षकों की भी विशेषताएँ थी जिनका सामना पतरस ने किया।

बिलाम एक दिलचस्प किरदार है। वह अक्सर उस समय से लेकर नए नियम

के समय तक यहूदियों की चर्चा में आता था। बिलाम यहूदी नहीं था; वह उस समूह में नहीं था जिसे मिस्र में से बुलाया गया था और जिसके साथ परमेश्वर ने वाचा बाँधी थी। फिर भी, बिलाम ने परमेश्वर को पुकारा और उसे याहवे कहकर बुलाया, वह वाचा का नाम जिसके द्वारा उसने अपने आप को इस्राएल पर प्रकट किया था। आप सोच सकते हैं कितने और बिलाम जैसे होंगे जो एकमात्र सच्चे परमेश्वर की आराधना करते थे, इस्राएल के लोगों के अलावा।

अंत में, बिलाम को जाना जाता है, एक भाविष्यद्वक्ता के रूप में नहीं, परन्तु एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो ऊंची बोली लगाने वाले को बिक गया। फिलो, पहली सदी में अलेक्ज़ान्द्रिया, मिस्र में रहने वाले एक यहूदी, ने बिलाम की मूर्खता को, इन शब्दों को उस भविष्यद्वक्ता के मुहँ में रखते हुए, चित्रित किया,

> परमेश्वर झूठ नहीं बोल सकता जैसे कि वह कोई मनुष्य है, न ही वह मनुष्य की सन्तान की तरह अपना उद्देश्य बदलता है। जब वह एक बार बोल चुका, तो क्या वह अपने वचन पर टिका न रहेगा? क्योंकि वह ऐसा कुछ भी नहीं कहेगा जो पूरी तरह घटित नहीं होगा, क्योंकि उसका वचन उसका कार्य भी है। मुझे, वास्तव में, इस राष्ट्र को आशीष देने के लिए लाया गया है, नाकि उसे श्रापित करने के लिए।[11]

पिरगमुन की कलीसिया को, यीशु ने कहा,

> पर मुझे तेरे विरुद्ध कुछ बातें कहनी हैं, क्योंकि तेरे यहाँ कुछ ऐसे हैं, जो बिलाम की शिक्षा को मानते हैं, जिसने बालाक को इस्राएलियों के आगे ठोकर का कारण रखना सिखाया कि वे मूर्तियों पर चढ़ाई गई वस्तुएँ खाएँ और व्यभिचार करें (प्रकाशितवाक्य 2:14)।

आयत 16. पद 2:12 में, पतरस ने झूठे शिक्षकों की तुलना बेआवाज़, "निर्बुद्धि पशुओं" से की थी। अब ऐसा प्रतीत होता है कि कम से कम एक निर्बुद्धि पशु, बिलाम की गदही थी जिसने बिलाम या उसके आत्मिक वारिसों से अधिक समझदारी दिखाई थी। बिलाम की **गदही** के बोलने वाला वाक्या बाइबल की सबसे अधिक बोले जाने वाली कहानियों में से है। बच्चों की पीढ़ियों ने इसे संडे स्कूल में सीखा है। पतरस के लिए वह बोलने वाली गदही एक चिन्ह है उन लोगों के बावलेपन का जो कामुकता और लाभ के लिए परमेश्वर की ओर अपनी पीठ कर लेंगे।

एक बोलने वाली गदही एक समस्या खड़ी करती है कुछ लोगों के लिए जो एक जागृत पश्चिमी जगत में रहते हैं। नए नियम के समय के लोगों के लिए, यह उनकी शिक्षा का हिस्सा था जिसके साथ वे रहते थे। प्राचीन साहित्य में बोलने वाले गधे से अधिक विचित्र कहानी ढूंढ पाना कोई कठिन काम नहीं है। जोसिफस जैसा यूनानी भाषी अपेक्षाकृत सुविग्य यहूदी भी यरूशलेम के आने वाले विनाश की चेतावनी दे सकता था जब एक याजक एक गाय को बलिदान के लिए लाया, और लोगों के मध्य में उसने एक मेमने को जन्म दे दिया।[12] उस इतिहासकार ने

इस घटना को वास्तविकता से लिया।

स्वयं सड़ाहट के दास होते हुए स्वतंत्र करने की प्रतिज्ञा करना (2:17-22)

17ये लोग सूखे कुएँ, और आँधी के उड़ाए हुए बादल हैं; उनके लिये अनन्त अन्धकार ठहराया गया है। 18वे व्यर्थ घमण्ड की बातें कर करके लुचपन के कामों के द्वारा, उन लोगों को शारीरिक अभिलाषाओं में फँसा लेते हैं जो भटके हुओं में से अभी निकल ही रहे हैं। 19वे उन्हें स्वतंत्र करने की प्रतिज्ञा तो करते हैं, पर आप ही सड़ाहट के दास हैं; क्योंकि जो व्यक्ति जिससे हार गया है, वह उसका दास बन जाता है। 20जब वे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह की पहचान के द्वारा संसार की नाना प्रकार की अशुद्धता से बच निकले, और फिर उनमें फँसकर हार गए, तो उनकी पिछली दशा पहली से भी बुरी हो गई है। 21क्योंकि धर्म के मार्ग का न जानना ही उनके लिये इससे भला होता कि उसे जानकर, उस पवित्र आज्ञा से फिर जाते जो उन्हें सौंपी गई थी। 22उन पर यह कहावत ठीक बैठती है, कि कुत्ता अपनी छाँट की ओर और नहलाई हुई सूअरनी कीचड़ में लोटने के लिये फिर चली जाती है।

उस प्रेरित ने तीव्रता के साथ झूठे शिक्षकों पर एक नए सिरे से अपना प्रहार किया। उसे चिंता थी मसीह में नए विश्वासियों पर होने वाले उनके प्रभाव की। झूठे शिक्षकों की बातों में बहकर, नए-जन्मे मसीही स्वयं को उससे भी बुरी आत्मिक स्थिति में पा सकते थे जो मसीह में आने से पहले उनकी थी। इन आयतों में पतरस ने हमें झूठे शिक्षकों के सन्देश में कुछ अंतर्दृष्टि दी है। स्पष्ट रूप से, उनका विषय था स्वतंत्रता – नैतिकता के प्रतिबंध से स्वतंत्रता, व्यवस्था से स्वतंत्रता। मज़ाक की बात यह थी कि स्वतंत्रता के नाम में, वे दासत्व के व्यव्हार में उलझ गए। पाप का बंधन एक बहुत अधिक कठोर स्वामी है जैसा कि मसीह कभी नहीं हो सकता।

आयत 17. यह आयत और भी ज़ोरदार लगती है जब कोई कनान और अधिकतर निकट-पूर्वी प्रदेशों की पानी की कमी को ध्यान में ले। बाइबल में अक्सर नदियों का उल्लेख होता है। यरूशलेम की शहरपनाह के बाहर ही किद्रोन नाले में गिहोन नदी थी जहाँ सुलैमान का इस्राएल के राजा के रूप में अभिषेक हुआ था (1 राजा 1:33-35)। बाद में हिजकिय्याह ने नहर खुदवाकर नदी के पानी को नगर की दीवारों के अन्दर पहुँचाया जो बाद में शेलह का कुण्ड बन गया (2 राजा 20:20; 2 इतिहास 32:30)। वर्षा ऋतु में नदी पानी से लबालब हो जाती, परन्तु सूखे मौसम के आने पर बेकार सी लगती। **सूखे कुएँ, और आँधी के उड़ाए हुए बादल के समान**, ये झूठे शिक्षक प्रतिज्ञाएँ तो बड़ी बड़ी करते पर समय आने पर कुछ नहीं दे पाते।

जब पतरस ने "आँधी के उड़ाए हुए बादल" का उल्लेख किया, उसने

शब्दावली को थोड़ा सा ही बदला। झूठे शिक्षक पश्चिम से उड़कर आए बादलों जैसे थे, वर्षा की उम्मीद देते हुए, परन्तु दिन की धूप में छितर जाते थे। दोनों ही उदहारण पहली दृष्टि में दिखाए देने वाली बात से आकर्षित होने की मूर्खता को दर्शाते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि झूठे शिक्षक ज़ोरदार प्रभाव डालते थे; वे विश्वास दिलाने वाली बातों और विजयी मार्गों से भरे हुए थे। मसीही लोग आकर्षक दिखने और मधुर बोलने वाले शिक्षक की चपेट में आ जाते हैं। मसीह के अनुयायी अच्छे लोग बनना सीखते हैं। उसी प्रकार से, वे भरोसा करते हैं, और भरोसा पाना भी चाहते हैं।

परमेश्वर के राज्य का एक आकर्षण यह है कि यह एक शांति प्रिय, देखभाल करने वाले लोगों का समुदाय है जो सभी लोगों को संदेह के लाभ का अवसर देना चाहते हैं। पतरस अपने पाठकों को चेतावनी देता है कि राज्य के निमित्त, कई बार हमें अपनी भौहें उठानी चाहिए और कठोर प्रश्न पूछने चाहिए। यूहन्ना ने लिखा, "हर एक आत्मा की प्रतीति न करो, वरन् आत्माओं को परखो कि वे परमेश्वर की ओर से हैं कि नहीं; क्योंकि बहुत से झूठे भविष्यद्वक्ता जगत में निकल खड़े हुए हैं" (1 यूहन्ना 4:1)। पौलुस ने आगाह किया, "तुम्हारे ही बीच में से भी ऐसे-ऐसे मनुष्य उठेंगे, जो चेलों को अपने पीछे खींच लेने को टेढ़ी-मेढ़ी बातें कहेंगे" (प्रेरितों 20:30)। "परमेश्वर ने उन स्वर्गदूतों को जिन्होंने पाप किया नहीं छोड़ा, पर नरक में भेजकर अन्धेरे कुण्डों में डाल दिया" (2:4)। अंत में, झूठे शिक्षकों को उस **अनन्त अन्धकार** के हवाले कर दिया जायेगा जो उनके लिए **ठहराया गया** था, परन्तु तब तक के लिए मसीहियों को उन्हें परखना चाहिए जो चमत्कारपूर्ण नए सन्देशों के साथ आते हैं। उन्हें पहली दृष्टि के आधार पर कोई फैसला नहीं करना चाहिए। वर्षा ऋतु में नदी या आंधी के उड़ाए बादलों की तरह, जो आशाजनक दिखाई देते हैं वह सन्देश एक समझौते वाला और भयंकर विनाशकारी भी हो सकता है।

आयत 18. एक प्रभावशाली वक्ता कलीसिया के लिए एक बड़ी आशीष हो सकता है, परन्तु झूठे शिक्षक भी निपुण वाकपटुता का प्रदर्शन कर सकते हैं, लोगों को भटका सकते हैं। यदि प्रभावशाली बोली को प्रतिबंधों को निकाल फैंकने के अनुरोध के साथ मिलाया जाए, तो कई लोग आकर्षित हो जाएँगे। झूठे शिक्षक **व्यर्थ घमण्ड की बातें कर करके लोगों को शारीरिक अभिलाषाओं में फँसा लेने में** सक्षम हो गए थे। इसी शब्द "फंसाना [फुसलाना]" का प्रयोग 2:14 में भी किया गया था। यूनानी शब्द में कांटे और शिकार के चारे की समझ थी। जो पहली दृष्टि में आकर्षक लगता है, वह मृत्यु का उपकरण हो सकता है।

पतरस के शब्द रंगदार और दुर्लभ हैं। उनमें से कुछ तो शेष नए नियम में हैं ही नहीं। "बातें करना" (φθέγγομαι, *फ्थेन्गोमाई)* के लिए जो शब्द है उसका पहले ही बिलाम की गदही के बोलने के लिए प्रयोग किया गया है (2:16)। नए नियम में अन्य स्थान पर इसका प्रयोग प्रेरितों 4:18 में किया गया है। आम तौर पर यह ज़ोरदार और ज़बरदस्त वाकपटुता के भाव रखता है। अपने आप को स्पष्ट करने के लिए, पतरस ने कहा कि झूठे शिक्षकों के शब्द "घमण्ड" (ὑπέρογκος,

ह्युपरोंकोस) से भरे हैं। यह विशेषण अक्सर किसी ऐसी चीज़ का वर्णन करता है जो आवश्यकता से अधिक फूल गई हो। उनके शब्द दिखावटी और कपटी थे, और उसी के साथ बेकार भी।

जबकि मसीह में अधिक परिपक्व लोग झूठे शिक्षकों को उनकी वास्तविकता में पहचान भी जाएँ, पर "शारीरिक अभिलाषाओं" और **लुचपन** के कामों के प्रति उनके अनुरोध के कारण, झूठे शिक्षक **जो भटके हुओं में से अभी निकल ही रहे हैं** उन्हें फंसाने और फुसलाने में सफल हो गए थे। यह जानना कठिन है कि इस वाक्य में लुचपन कैसे कार्य करता है। इसका अर्थ हो सकता है कि झूठे शिक्षक नए विश्वासियों को "शारीरिक अभिलाषाओं" और "लुचपन" दोनों की ओर आकर्षित कर रहे थे। दूसरी ओर, शायद पतरस कह रहा था कि झूठे शिक्षकों ने अपने "लुचपन" का उपयोग करके नए विश्वासियों को फुसलाया था। इतना तो स्पष्ट है: प्राचीन और आधुनिक दोनों ही जगत में, जो विश्वास में नए और अनुभवहीन हैं विशेषकर वे ही झूठी शिक्षा का शिकार बनते हैं। झूठे शिक्षक उनका शिकार करते हैं।

आयत 19. टीकाकार बड़ी शीघ्रता से पतरस के अपने विरोधियों के वर्णन में दूसरी सदी के प्रज्ञानवाद को पढ़ने की ओर झुक गए थे। प्रज्ञानवाद एक अति जटिल विचार प्रणाली है और इसमें इतना कुछ है कि इस समय हम इसकी जांच नहीं कर सकते।[13] यह सच है कि कुछ प्रज्ञानवादी एक नैतिक प्रतिबंध से मुक्त प्रणाली को बढ़ावा देते थे, परन्तु पतरस के स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा के हवाले से प्रज्ञानवाद की नीतियों पर कूदना प्रमाण से परे जाना है। यदि, जैसा कि हमने परिचय में सुझाव दिया है, 2 पतरस और यहूदा दोनों ही पलिश्तीनी और सीरिया के यहूदी-मसीही मूल-स्रोत से उभरते हैं, दोनों पत्रियाँ उस यहूदी मसीहियत के उन वर्षों में उपयुक्त बैठती हैं जिसके बारे में हमें अधिक नहीं पता और जिसके आगे चलकर 66-70 ई. का यहूदी युद्ध हुआ।

पौलुस की दमिश्क के विश्वासियों को बंदी बनाने वाली यात्रा (प्रेरितों 9:1, 2) यह सुझाव देती है मसीही सन्देश बहुत जल्द उस प्रदेश के यहूदी समाज में पहुँच चुका था। इसके अतिरिक्त, याकूब, यहूदी मसीहियत, सीरिया और विकसित प्रज्ञानवाद के बीच कई जोड़ हैं जो प्राप्त होते हैं नाग हम्मादी सामग्री से।[14] मसीहियत के परिचय के कुछ प्रथम दशकों में, सीरिया/पलिश्तीन के कुछ यहूदी विश्वासियों ने खतने से और मूसा की व्यवस्था के अन्य विधिवत पहलुओं से स्वतंत्रता के सन्देश को इस हद तक पहुंचा दिया था यह जोर देते हुए कि अब व्यवस्था मसीहियों पर कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाती। वे शायद प्रभावित हुए होंगे उस समय के मूर्तिपूजक तत्वज्ञान से जो उस काल में सामान्य था। समय बीतने पर, उनकी शिक्षा ने प्रज्ञानवाद प्रणाली के विकास में योगदान दिया, परन्तु उस स्थिति में जब पतरस ने यह लिखा वह केवल इस प्रक्रिया की शुरुआत थी।

झूठे शिक्षक नए मसीहियों को **स्वतंत्र करने की प्रतिज्ञा** का झांसा देकर फुसला रहे थे। नए नियम में "स्वतंत्रता" एक महत्वपूर्ण शब्द है। यीशु ने कहा कि सत्य उसके लोगों को स्वतंत्र करेगा (यूहन्ना 8:32, 33)। पौलुस ने साहसपूर्वक

घोषणा की, "मसीह ने स्वतंत्रता के लिये हमें स्वतंत्र किया है" (गलतियों 5:1)। दासत्व बलपूर्वक लगाया जाता हो, परन्तु यही एक तरीका नहीं है लोगों के स्वतंत्रता खोने का। कुछ लोग अज्ञानता के कारण दासत्व में हैं, तो कुछ बनावटी नियमों और अधिनियमों के कारण, और कुछ आत्म-भोग और शरीर की भूख के कारण। पतरस ने कहा जो शिक्षक "स्वतंत्रता" का वादा कर रहे हैं वे **आप ही सड़ाहट के दास हैं**।

उस प्रेरित ने अपने पाठकों के समक्ष एक अद्‌भुत मनोवैविज्ञानिक अंतर्दृष्टि का प्रस्ताव रखा: **जो व्यक्ति जिससे हार गया है, वह उसका दास बन जाता है।** पतरस के दिमाग में गंभीर लत और पाप थे। व्यभिचारिक मनमानी भी दास बना सकती थी। ये लोगों को सुरक्षित कुटुम्बों और अपने बच्चों को बड़ा होते देखने के आनंद से वंचित कर सकती है। जो लोग अपनी व्यभिचारिक आदतों के दास बन जाते हैं वे कभी कभी अपनी जीवनशैली के निराशाजनक भयानक परिणाम को देखते हैं। वे बाहर निकलना चाहते हैं, परन्तु वे इतने उलझ चुके हैं, कि वे नहीं जानते कि बाहर कैसे निकला जाए। यही बात लालच, पियक्कड़पण या अन्य नशीली वस्तुओं की लत, और कड़ुवाहट के लिए भी कही जा सकती है। जो प्रतिबंध यीशु लोगों पर लगाता है वह उनकी भलाई, ख़ुशी और परिपूर्ण जीवनों के लिए है।

आयत 20. पतरस लगातार उनपर झूठे शिक्षकों के प्रभाव के निमित्त अपनी चिंता जताता है जो मसीह में नए विश्वासी हैं। व्याकरणीय रूप से, **बच निकले** और **फिर उनमें फँसकर हार गए** वाले वक्याखण्ड या तो स्वयं झूठे शिक्षकों के बारे में थे या फिर उन आत्मिक रूप से अपरिपक्व लोगों के बारे में जिन्हें वे प्रभावित कर रहे थे। प्रेरित द्वारा कही बात उन सत्य के त्यागियों पर भी उतनी ही लागू होती थी, चाहे वे अपने विद्रोह में बस चुके हैं या वो अपेक्षाकृत नए मसीही थे जिन्हें गुमराह किया और गलत जानकरी दी जा रही थी। दोनों ही मामलों में, **उनकी पिछली दशा पहली से भी बुरी हो गई थी**। परन्तु, यह आयत एक चेतावनी देती है; यह चिंता व्यक्त करती है। स्वयं झूठे शिक्षकों के लिए, चेतावनियों के लिए बहुत देर हो चुकी थी। उनका "नाश होगा" (2:12)। वे "कलंक और दोष ... सन्ताप की संतान" थे (2:13, 14)। इन आयतों की चेतावनी "चंचल मनवालों" के लिए है (2:14), विशेषकर नए मसीहियों के लिए। यदि ये मसीही उन शिक्षकों का अनुसरण करते थे जो प्रेरितों का विरोध करते थे, तो वे अपने आपको उससे भी बुरी दशा में पाते, जो उनके सुसमाचार सुनने से पहले थी।

पतरस के लिए, मसीही बनने का अर्थ था **संसार की नाना प्रकार की अशुद्धता** से बच निकलना। जिस शब्द का अनुवाद "अशुद्धता" (μίασμα, *मियास्मा)* किया गया है वह नए नियम में केवल यही पर पाया जाता है। इस शब्द का संकेत है नैतिक मलिनता, लज्जाजनक कार्य जो स्वयं के और दूसरों के लिए विनाशकारी होते हैं। "संसार," असंख्य लोगों का सामान्य व्यवहार, जो भ्रष्टता की ओर झुकता है। संसार के क्रम पर चलना शोक की, परमेश्वर की और

अपने मित्रों की दृष्टि में लज्जित होने की ओर ले जाता है। यह अपने आप को केंद्र बनाने के द्वारा जीने की अभिरुचि का विनाश कर देता है। जब कोई मसीह की सुनता है, तो प्रभु उसे पाप के दलदल से उठाता है। उसका परमेश्वर के साथ मेलमिलाप होता है; वह उस जीवनशैली से बच निकलता है जो दूषित और मलिन करती है। संसार, उसके द्वारा प्रतिज्ञा किए मौजमस्ती, उसके आत्म-केन्द्रित तरीके, उसका पवित्रता के प्रति तिरस्कार, भ्रष्ट करता और धोखा देता है। मसीह में विश्वास करना उसकी शर्म से बचना है।

संसार की अशुद्धता से बच निकलने का माध्यम प्रभु और उद्धारकर्ता **यीशु मसीह की पहचान के द्वारा है।** पतरस और अन्य प्रेरित गवाहों द्वारा पहुंचाया सन्देश था "ज्ञान" जिसका स्रोत मसीह में था। अन्य भी ज्ञान का दावा करते थे, परन्तु उनका ज्ञान आत्म-सेवा की चतुराई के बराबर था। विश्वासियों को, यूहन्ना के शब्दों में, "आत्माओं को परखना" चाहिए (1 यूहन्ना 4:1)। एक शिक्षक से सुनने और सीखने का एक समय होता है, पर एक गैर-आलोचनात्मक से सुनना किसी को "फिर से फँसा" सकता है और उन्हें हरा कर, उनकी पिछली दशा पहली से भी बुरी बना सकता है। जो लोग अभी अभी संसार से मसीह में आए हैं वे झूठे शिक्षकों के चंगुल में आसानी से फंस सकते हैं, विशेषकर जब वे वादा करते हैं एक बिना मांगों वाले सरल सुसमाचार का।

पतरस ने अचानक उनके बारे में कहा, जो दोबारा संसार को लौट जाते हैं, "उनकी पिछली दशा पहली से भी बुरी बन चुकी है।" मसीही बनने से पहले वे खोए हुए, क्रोध की संतान, आशा रहित थे। यदि वे संसार को लौट जाते हैं तो सबकुछ और कितना अधिक बुरा हो सकता है? हम केवल कल्पना कर सकते हैं कि उनकी पिछली दशा कितनी बुरी हो सकती है। यीशु ने घोषणा की, "जिसे बहुत दिया गया है, उससे बहुत माँगा जाएगा; और जिसे बहुत सौंपा गया है, उससे बहुत लिया जाएगा" (लूका 12:48)। उसे अधिक सौंपा गया है जो "प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह की पहचान" को पाता है। वह "स्वर्गीय वरदान का स्वाद चख" चुका है (इब्रानियों 6:4)। न्याय के समय, जब प्रभु लौटेगा, वह चूके हुए मौकों और तोड़े हुए वादों के लिए उत्तर देगा। उसका दण्ड किसी तरह उससे कहीं अधिक कठोर होगा जिसे उद्धारकर्ता के पास आने के कई मौके नहीं मिले। बेहतर होगा कि हम यह कल्पना न करें कि उसका दण्ड अधिक कठोर किस प्रकार होगा।

यह स्पष्ट है, यीशु और प्रेरितों दोनों की शिक्षाओं से, कि जो मसीह में हैं वे, अपना चुनाव करते हुए, उद्धारकर्ता की ओर पीठ फेर सकते हैं। मसीह में होने से कोई आश्वासन नहीं कि कोई मसीह में बना ही रहे। "एक बार उद्धार, तो सदा उद्धार" वाले जिस सिद्धांत को अक्सर बयान किया जाता है वह बाइबलीय शिक्षा नहीं है। पौलुस ने चिंता जताई कि औरों को प्रचार करने के बाद, ऐसा न हो कि मैं स्वयं ही "निकम्मा ठहरूं" (1 कुरिन्थियों 9:27)। यीशु ने एक ऐसे व्यक्ति का दृष्टांत सुनाया जिसमे अशुद्ध आत्मा थी। आत्मा बाहर गई और उसे कोई उपयुक्त आवास नहीं मिला। उसने लौटकर पाया कि उस व्यक्ति ने अपने

जीवन को किसी भी भली बातों से नहीं भरा था। वह तैयार था उस आत्मा के वापस आने और अपने साथ सात और आत्माओं को ले कर उसके अन्दर प्रवेश करने के लिए। यह दृष्टांत बताता है कि एक व्यक्ति शुद्ध किया जाता है और फिर वह दोबारा अपने पूर्व के पापों के मार्गों में लौट सकता है (मत्ती 12:43-45)।

आयत 21. प्रेरित ने पूर्ववर्ती आयत के अंतिम वाक्यखण्ड का विस्तार और स्पष्टीकरण किया। दो बार उसने जानने के विषय में कहा। उसका जोर अभी तक "जो भटके हुओं में से अभी निकल ही रहे हैं" पर है (2:18)। मसीह को जानना अपना विश्वास उसमें डालने, उसके पास आने, उसकी आज्ञा मानने, जीवन पाने के बराबर है। जिन लोगों ने झूठे शिक्षकों का अनुसरण किया**, धर्म के मार्ग का न जानना ही उनके लिये इससे भला होता कि उसे जानकर, उस पवित्र आज्ञा से फिर जाते जो उन्हें सौंपी गई थी**। प्रेरितों में, जो उसका दूसरा आलेख है, लूका ने यीशु मसीह की कलीसिया को सामान्य रूप से "मार्ग" बुलाया (प्रेरितों 9:2; 19:9, 23; 22:4; 24:22)। पतरस के लिए वह "सत्य का मार्ग" (2 पतरस 2:2), "सीधा मार्ग" (2 पतरस 2:15), और "धर्म का मार्ग" था।

"पवित्र आज्ञा" का तात्पर्य वह निर्देश है, जिसमें पवित्र जीवन के लिए वो आदेश और मांगें शामिल हैं जो सुसमाचार में निहित है। पतरस ने "आज्ञा" शब्द का प्रयोग किया, बजाय सुसमाचार के क्योंकि झूठे शिक्षकों द्वारा उठाए मुद्दे व्यवस्था के विषय में थे। वे "स्वतंत्रता" का वादा करते थे, जबकि वे "सड़ाहट के दास" थे (2:19)। मसीह से दूर होने का पहला कदम है अपने "पहले से प्रेम" को त्याग देना (प्रकाशितवाक्य 2:4), व्यवस्था के प्रतिबन्ध कि पपड़ी मात्र उतारना। सुसमाचार की मांगें एकपक्षीय नहीं है। परमेश्वर ने यह निर्णय नहीं लिया कि उसके लोगों को अपनी निष्ठा साबित करने के लिए गोलाकार के बीच से छलांग लगानी होगी। अतीत की तरह, परमेश्वर नियम देता है ताकि सदैव हमारा भला हो (व्यवस्थाविवरण 6:24)। वे बोझ नहीं हैं (1 यूहन्ना 5:3); वे जीवन को आनंद और शांति की दिशा में ले जाते हैं।

जो मसीही जीवन के भलाई, आशा, और संगति का अनुभव करते हैं और फिर शारीरिक लालसाओं को तृप्त करने की राह पर लौट जाते हैं वे पाप में उससे कहीं अधिक सख्त हो जाते हैं जितना "धर्म के मार्ग" को जानने से पहले थे। उन्हें मसीह-तुल्य जीवन और कामुक लालसाओं में जीने के बीच का फर्क पता है। दोनों का अनुभव लेने के बाद उन्होंने जानबूझकर बाद वाले जीवन को चुना है। दोनों, मसीह को जानने से पहले और "पवित्र आज्ञा" से मुड़ जाने के बाद, वे पाप में खोए हुए थे, परन्तु अब दूसरी बार उन तक सुसमाचार के सन्देश के साथ पहुंचना अति कठिन होगा। "धर्म के मार्ग का न जानना ही उनके लिये इससे भला होता।"

पतरस ने कहा कि "पवित्र आज्ञा" **उन्हें सौंपी गई थी**। प्रेरितों ने सत्य के मार्ग को पुराने नियम के वचनों, यीशु की शिक्षाओं, और पवित्र आत्मा के प्रकाशन द्वारा जाना था। शेष सभी को यह मार्ग "सौंपा गया था।" दो हज़ार वर्षों से "धर्म का मार्ग" पीढ़ियों से पीढ़ियों तक सौंपा जाता आया है। जो मसीह को जानते हैं

उनकी ज़िम्मेदारी यह है कि वे सुसमाचार के सन्देश को अगली पीढ़ी को सौंपे। पिताओं और माताओं को अपने बच्चों को सिखाना चाहिए। घर और कलीसिया को साथ मिलकर जो सत्य को जानते हैं उनसे परे अन्य लोगों तक पहुंचकर उनकी "धर्म के मार्ग" में अगुवाई करनी है। परमेश्वर ने संसार के लोगों में कोई और जीवन की स्थाई योजना नहीं दी है, सिवाय वचन को आगे बढ़ाने और सौंपने के। एक लोग होने के नाते, कलीसिया के पास एक मिशन है सारे राष्ट्रों में सुसमाचार प्रचार करने का। काश वह कभी इस कार्य में असफल न हो!

आयत 22. जब एक व्यक्ति मसीह से मुड़कर शरीर की लालसाओं के पीछे लग जाता है, तो यह एक अच्छा दृश्य नहीं होता। जो पवित्रता के स्थान पर पाप को चुनता है **वह उस कुत्ते के समान है जो अपनी छाँट की ओर जाता है** और (उस) **नहलाई हुई सूअरनी के समान है जो कीचड़ में लोटने के लिये फिर चली जाती है**। पतरस ने यूनानी-यहूदियों में प्रचलित दो जानी मानी कहावतों का प्रयोग किया, हालाँकि उनमें से एक सीधे तौर पर शास्त्र से ली गई थी: "जैसे कुत्ता अपनी छाँट को चाटता है, वैसे ही मूर्ख अपनी मूर्खता को दोहराता है" (नीतिवचन 26:11)। व्यवस्था के अनुसार कुत्ता और सूअर दोनों ही अशुद्ध थे। पतरस की तरह, यीशु ने भी एक सबक का उदाहरण देने के लिए इन दो पशुओं का प्रयोग किया था (मत्ती 7:6)।

झूठे शिक्षकों से निपटते समय पतरस इतना उग्र क्यूँ था? क्या नम्र होना बेहतर नहीं होता, "कुछ को बचाने की, आग में से झपटकर निकालने" की आशा करते हुए (यहूदा 23)? जब किसी ने 2 पतरस 2 पढ़ा है तब "नम्र" शब्द बिलकुल भी ध्यान में नहीं आता। नम्र होने का अवश्य एक समय होता है, परन्तु एक समय आता है जब स्पष्टता से बोलना होता है। यीशु ने शत्रु बनाए क्योंकि वह उनसे स्पष्ट रूप से बोला जिन्होंने सत्य का विरोध किया (मत्ती 23)। एक मसीही को कभी भी यीशु के या पतरस के शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए अपने अभद्र, व्यक्तिगत आक्रमण को उचित ठहराने के लिए। दूसरी ओर, जो प्रभु से प्रेम करता है, जो विश्वास करता है कि उसकी आज्ञाएँ पवित्र हैं, तो वह धर्मी रोष से भर जाएगा, जब लोग अपनी पूर्वनियोजित योजनाओं द्वारा अपने मार्ग से प्रभु के मार्ग को बदलते हैं। जिन झूठे शिक्षकों का पतरस ने सामना किया था वे कोई अलग, निहित संक्रमण नहीं था। वे एक फैलती हुई बीमारी थे जो एक खतरा था। छुडाए हुए पापियों को दोबारा उस जीवन में ले जाने का जिससे वे अभी बाहर आए थे। पतरस क्रोधित हो गया था जब, मसीह के नाम में, अधार्मिक पुरुष मसीह के मार्ग की निंदा कर रहे थे। वह उन लोगों के लिए दुखी हुआ था जिन्हें दोबारा संसार में खींच लिया गया था, जैसे एक कुत्ता अपनी छांट को चाटता है। कलीसिया को उसकी चेतावनी कठोर और स्पष्ट शब्दों में थी। ऐसा ज़रूरी था।

अनुप्रयोग

जब मसीह का मार्ग बदनाम किया जाता है (अध्याय 2)

आमना-सामना रुचिकर नहीं होता। हम में से अधितर लोग इसे जहाँ तक संभव हो टालते हैं। दुर्भाग्यवश, कुछ स्थितियां ऐसी होती हैं जहाँ आमना-सामना टालना कायरता के बराबर होता है। भयानक बातें घट जाती हैं जब अच्छे पुरुष और स्त्री, जो बेहतर जानते हैं, चुपचाप बैठे रहकर हठीले और आत्म-सेवा करने वाले लोगों को नियंत्रण लेने देते हैं। "जो धर्मी दुष्ट के कहने में आता है, वह गंदले सोते और बिगड़े हुए कुण्ड के समान है" (नीतिवचन 25:26)। यदि एक कलीसिया को परमेश्वर का आदर करना है और उसका सिद्धांत शुद्ध बनाए रखना है, भले और ज्ञानवान लोगों के पास बोलने के लिए हिम्मत होनी चाहिए। झूठे शिक्षकों ने उनमें से कुछ को ले लिया था जिनको पतरस ने संबोधित किया था, परन्तु कुछ अन्य थे जो सामान्य रूप से निष्क्रिय थे। प्रेरित उन विश्वसनीय लोगों को भर्ती करना चाहता था जो सत्य के लिए खड़े रहेंगे।

वे हमारा व्यापार करते हैं (2:1-3)

न्यू यॉर्क शहर के कोलंबिया विश्वविद्यालय के पास ब्रॉडवे सड़क के किनारे पैदल पथ पर भिखारी इकट्ठा होते हैं। एक बार गर्मियों की ऋतु में वहां कोई खोज करने के दौरान मैं प्रतिदिन वहां से गुज़रता था। एक बार मैंने ध्यान दिया एक महिला जिसे मैंने अक्सर भीख मांगते देखा था वह रंग वाले पेन बेच रही थी। मैं प्रभावित हुआ। कम से कम वह कुछ काम कर रही थी, बजाय केवल हाथ फैला कर मांगने के। मैंने उसे मुहमांगी कीमत दी, और उससे कुछ अधिक भी, उन पेन को मैं अपने घर ले गया, और उन्हें खोला। उनमें से प्रत्येक हड्डियों की तरह सुखी हुई थी। अब मैं उसे याद करके हंस देता हूँ, पर तब ऐसा नहीं हुआ था। वह पहली बार नहीं था (और न ही अंतिम बार) जब मेरे साथ धोखा हुआ था। हममें से अधिकतर लोगों के अच्छे अनुग्रह को सहने में जो सबसे अधिक कठिन बात होती है वह है मूर्ख बनाया जाना।

जब पतरस ने उन झूठे शिक्षकों का वर्णन किया जो कलीसियाओं में फूट फैला रहे थे, उसने अपने पाठकों से कहा, वास्तव में, "तुममें से कुछ को मूर्ख बनाया जा रहा है।" हम आतुर हैं यह जानने के लिए की किस प्रकार की"रंग वाली पेन" वे बेच रहे थे, परन्तु इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जो धोखा देने वाला सिद्धांत है वह पीढ़ी दर पीढ़ी बदलता रहता है। धोखा है जो लगातार होता है। शिक्षकों के फल और जीवनशैली है जो मुख्य मुद्दा हैं। यह दिलचस्प होता यदि पतरस उनके सिद्धांत का वर्णन करता, परन्तु यह हमारे लिए अधिक लाभदायक है उसने हमें निर्देश दिए ताकि हम सामान्य रूप से झूठी शिक्षा से निपटने के लिए सक्ष्म होंगे। यीशु ने कहा कि झूठे भाविष्यद्वक्ताओं उनके फलों द्वारा पहचाने जाएंगे (मत्ती 7:15, 16)। यीशु की ही तरह, पतरस को भी झूठे शिक्षकों द्वारा उत्पन्न फलों से ही सरोकार था, न कि उनके विशेष सिद्धांत से।

झूठे शिक्षकों की कामुकता (2:2, 18)

प्राचीन जगत में और आधुनिक जगत में भी, अनुयायियों को इकट्ठा करना आसान होता है जब कोई लोगों को कामुक लालसाओं को तृप्त करने के लिए फुसलाता है, यह आश्वासन देते हुए कि वे सही काम कर रहे हैं। यही सन्देश द डा विन्ची कोड, 2006 का एक प्रसिद्ध उपन्यास है, का भी है। इस कृति के लेखक ने पाठकों को यह विश्वास करा दिया होगा कि चर्च ने व्यर्थ पूर्ण लैंगिकता को दबा दिया है। कुछ भी सच्चाई से दूर नहीं है। *दा विन्ची कोड* का विश्लेषण करते हुए जेम्स एल. गरलो और पीटर जोन्स ने सी. एस. लेविस का उद्धरण दिया, जिसने कहा,

> गलियों में चहल कदमी करने वाले कामुक व्यक्ति के लिए हम सबसे अफ़सोसजनक कहावत इस प्रकार कहते हैं कि "वह औरत की तलाश में है।" यदि ठीक कहा जाये तो वह केवल औरत ही नहीं चाहता है। वह भोग चाहता है जिसके लिए औरत एक आवश्यक साधन बन जाती है। वह एक औरत की कितनी चिंता करता है यह उनके मिलन के पाँच मिनट पश्चात् ही प्रगट हो जाता है (सिगरेट पीने के बाद कोई भी सिगरेट के डिब्बे को संभाल कर नहीं रखता है)।[15]

स्वतंत्रता एवं संयम (2:19)

यदि स्वतंत्रता को आशीष के परिक्षेत्र में समझना है तो इसे संयम के संदर्भ में ही कार्य करना होगा। यह भौतिक तथा आत्मिक, दोनों क्षेत्रों के लिए सत्य है। उदाहरण के लिए, संयम की गंभीरता को समझे बिना, जीवन असंभव होगा। एक संदर्भ में, गंभीरता हमारी स्वतंत्रता को सीमित करती है परंतु इसके बिना हम कार्य नहीं कर सकते हैं। जरा कल्पना कीजिए कि आप छत के ऊपर मंडरा रहे हैं और आप नीचे नहीं उतर पा रहे हैं। पक्षी एवं हवाई जहाज उड़ सकते हैं, लेकिन जब वे जमीन पर उतरना चाहते हैं तो उनके लिए गुरुत्वाकर्षण कार्य करता है। उसी तरह, नैतिक क्षेत्र में अनियंत्रित स्वतंत्रता का तात्पर्य यह है कि लोगों के जीवन की कोई दिशा नहीं थी। अपने और दूसरों के लिए भले और बुरे के ज्ञान का कोई अर्थ नहीं था। अपने बारे में इस बात की कल्पना करें कि आप किसी पर भी सत्य बोलने के लिए भरोसा नहीं कर सकते क्योंकि लोग कुछ भी कहने के लिए स्वतंत्र हैं। यह कल्पना करें कि जो कुछ आपके पास है उस पर हर समय आपकी नजर है क्योंकि चोरी होने की स्थिति में कुछ भी अनुचित नहीं है।

मसीही लोग स्वतंत्र लोग हैं, लेकिन वे अपनी स्वतंत्रता का अभ्यास उस सीमा के अंदर ही करते हैं जो परमेश्वर ने उनके लिए ठहराई है। झूठे उपदेशक/शिक्षक, उन कलीसियाओं में जिनको पतरस ने संबोधित किया था, खतरा बनकर उभर आए थे, उन्होंने कुछ मसीहियों का ध्यान प्रेरित से अधिक स्वतंत्रता प्रदान करने की प्रतिज्ञा देकर अपनी ओर आकर्षित किया था। पतरस ने कहा कि जबकि उन्होंने अधिक स्वतंत्रता प्रदान करने की प्रतिज्ञा की "पर [वे] आप ही सड़ाहट के दास [थे]" (2 पतरस 2:19)। पौलुस ने कुछ इससे मिलती-

जुलती बात कही, "क्या तुम नहीं जानते कि जिस की आज्ञा मानने के लिये तुम अपने आप को दासों के समान सौंप देते हो उसी के दास हो : चाहे पाप के, जिसका अन्त मृत्यु है, चाहे आज्ञाकारिता के, जिसका अन्त धार्मिकता है?" (रोमियों 6:16)। संभवतः कई बार पाप का सबसे बड़ा खतरा अनदेखा किया जाता है। कभी-कभी जब कोई व्यक्ति अपना पाप छोड़ना चाहता है, तौभी पाप उसका पीछा नहीं छोड़ता है। एक प्राचीन बुद्धिमान व्यक्ति ने इस प्रकार कहा, "और न उसे [जिस प्रकार किसी व्यक्ति को] लड़ाई से छुट्टी मिल सकती है, और [उसी प्रकार] न दुष्ट लोग अपनी दुष्टता के कारण बच सकते हैं" (सभोपदेशक 8:8, NIV)।

संसार की अशुद्धता (2:20-22)

दांते नामक इतालवी ने चौदहवीं सदी के आरंभ में एक बहुत ही प्रसिद्ध साहित्य की रचना की। यह डिवाईन कॉमेडी है। इस रचना में उसने अपने आपको को स्वर्ग, शोधन स्थान और नरक की सैर करते हुए चित्रित किया है। नरक की सैर को "दी इनफर्नो" ("The Inferno") कहा जाता है। दांते के दर्शन में नरक के फाटक पर निम्न पंक्तियाँ अंकित हैः

> मैं दुःख भरे नगर के मार्ग में हूँ।
> मैं त्यागे हुए लोगों के मार्ग में हूँ।
> मैं अनंत क्लेश के मार्ग में हूँ।
> पवित्र न्याय ने मेरा निर्माण हिला दिया है।
> यहाँ मैं ईश्वरीय सामर्थ, आदि प्रेम एवं सर्वश्रेष्ठ ज्ञान से पाला-पोसा गया हूँ।
> जो बातें समय निर्धारित नहीं कर सकती थी वही बातें मेरे सम्मुख रखी गई हैं,
> और समय के परे मैं खड़ा हूँ।
> तुम जो इसमें प्रवेश करते हो अपनी आशा छोड़ दो।[16]

परमेश्वर ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिनके पाप क्षमा नहीं किए गए हैं वे अनंत काल की मृत्यु प्राप्त करेंगे, और आने वाले संसार में परमेश्वर से अलग किए जाएंगे। जिसको हम अनदेखा कर सकते हैं वह यह है कि इस जीवन में भी पाप का परिणाम पाया जाता है। जहाँ हम रहते हैं वहाँ पाप के दंड का कुछ अंश देखा जा सकता है। यही संदेश प्रेरित पतरस ने 2 पतरस 2:20-22 में हमारे लिए रख छोड़ा है। वह चाहता था कि उसके पाठक निम्न सत्य की अनुभूति करें:

1. *जो कामुक, स्वयंसेवी जीवन जीता है उसने उस मार्ग का चुनाव कर लिया है जिसमें पीड़ा और मृत्यु है।* यदि हम इस बात को पूरी पत्री के संदर्भ में देख सकते हैं तो यह पतरस के शब्दों को समझने में हमारी सहायता करेगा। पतरस ने जिन कलीसियाओं को संबोधित किया था उन कलीसियाओं को झूठे उपदेशकों/शिक्षकों ने घेर लिया था। प्रेरित ने उनके उपदेशों के बारे में अधिक रोशनी नहीं डाली है, लेकिन उन में से कुछ बातों को हम समझ सकते हैं: (a) जिन्होंने पतरस का विरोध किया, उनका यह दावा था कि उनको विशेष

ज्ञान प्राप्त है। उन्होंने यह शिक्षा दी कि वे प्रेरित से अधिक समझदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका ज्ञान परमेश्वर की ओर ले जाता है। (b) संभवतः उन्होंने यह भी दावा किया होगा कि स्वर्गदूत और आत्मिक शक्तियां उनकी ओर हैं। पतरस और यहूदा, दोनों ने उन स्वर्गदूतों के बारे में वर्णन किया है जिनको परमेश्वर ने न्याय के दिन तक के लिए दुःख भरे अंधेरे गड्ढे में डाल दिया है। (c) वे मसीह के पुनरागमन को "आत्मिक" बनाना चाहते थे। उन्होंने सिखाया कि यह वास्तविक घटना नहीं है। संभवतः उन्होंने यह भी दावा किया होगा कि जो व्यक्ति परमेश्वर के पास लौट आया, तो उसके लिए मसीह आ चुका है। पतरस ने लिखा, "पहले यह जान लो कि अन्तिम दिनों में हँसी ठट्ठा करनेवाले आएँगे जो अपनी ही अभिलाषाओं के अनुसार चलेंगे और कहेंगे, 'उसके आने की प्रतिज्ञा कहाँ गई? क्योंकि जब से बापदादे सो गए हैं, सब कुछ वैसा ही है जैसा सृष्टि के आरम्भ से था?'" (2 पतरस 3:3, 4)।

ये सारी शिक्षाएं जितनी समस्याएं खड़ी करती थीं, उससे पतरस ने यह जान लिया था कि यह उन झूठे उपदेशकों/शिक्षकों का चरित्र था जो सुसमाचार की मौलिक सत्यता के साथ समझौता कर रहे थे। उसकी भाषा कठोर थीः "उनकी आँखों में व्यभिचार बसा हुआ है, और वे पाप किए बिना रुक नहीं सकते। वे चंचल मनवालों को फुसला लेते हैं। उनके मन को लोभ करने का अभ्यास हो गया है; वे सन्ताप की सन्तान हैं" (2 पतरस 2:14)।

पतरस ने अपने पाठकों को बताया कि जबकि झूठे उपदेशकों/शिक्षकों ने स्वतंत्रता की प्रतिज्ञा की है, लेकिन उस जीवन का परिणाम जिसकी उन्होंने वकालत की है वह दासता और मृत्यु है। "वे उन्हें स्वतंत्र करने की प्रतिज्ञा तो करते हैं, पर आप ही सड़ाहट के दास हैं; क्योंकि जो व्यक्ति जिससे हार गया है, वह उसका दास बन जाता है" (2 पतरस 2:19)। यीशु ने भी ऐसी ही बातें कहीं, "मैं तुम से सच-सच कहता हूँ कि जो कोई पाप करता है वह पाप का दास है" (यूहन्ना 8:34)। इस सच्चाई को पौलुस ने यूँ लिखा, "क्या तुम नहीं जानते कि जिस की आज्ञा मानने के लिये तुम अपने आप को दासों के समान सौंप देते हो उसी के दास हो: चाहे पाप के, जिसका अन्त मृत्यु है, चाहे आज्ञाकारिता के, जिसका अन्त धार्मिकता है?" (रोमियों 6:16)।

कुछ आवश्यक स्वतंत्रता अन्य स्वतंत्रताओं पर लगाम कसती है। जब कोई यह सोचता है कि वह दूसरों की सम्पत्ति को लेने के लिए स्वतंत्र है अर्थात चोरी करता है, तो वह ईमानदार, स्वाभिमानी होने के लिए स्वतंत्र नहीं है। यदि कोई यह सोचता है कि वह अपनी पत्नी या पति को छोड़कर किसी अन्य स्त्री या पुरुष के साथ संभोग करने के लिए स्वतंत्र है तो वह अपने पत्नी या पति के साथ विश्वासयोग्य प्रेममय संबंध बनाने के लिए स्वतंत्र नहीं है। पतरस ने सामान्य अनुभव का उदाहरण देते हुए इस बात पर बल दिया कि अनुशासित मसीही जीवन जीने के बजाय, परमेश्वर की आज्ञा न मानना अधिक बोझिल है, अधिक भार डालने वाली है, स्वतंत्रता को अधिक सीमित करने जैसा है। परमेश्वर की आज्ञा इतनी कठिन नहीं है कि मसीही लोग उसका पालन न कर सके। उनके

कदमों पर वह स्प्रिंग की भांति है, यह वह दिशा निर्देशन है जो उन्हें जीवन प्रदान करती है। यूहन्ना इसे इस प्रकार कहता है, "जब हम परमेश्वर से प्रेम रखते हैं और उसकी आज्ञाओं को मानते हैं, तो इसी से हम जानते हैं कि हम परमेश्वर की सन्तानों से प्रेम रखते हैं। क्योंकि परमेश्वर से प्रेम रखना यह है कि हम उसकी आज्ञाओं को मानें; और उसकी आज्ञाएं कठिन नहीं" (1 यूहन्ना 5:2, 3)।

2. *अभक्तिपूर्ण जीवन, बदलने वाले स्विच की भांति नहीं है जिसे कोई भी अपनी इच्छा से चालू या बंद कर सके।* जब भी लोग पाप करते हैं तो वे कभी-कभी यह कहते हैं कि वे अपरिवर्तित शुद्धता के साथ परमेश्वर के पास लौट सकते हैं। यह ऐसा नहीं हो सकता है। पतरस का दावा था कि जब भी कोई परमेश्वर को पीठ दिखाता है, तो वह अपने को हानि पहुँचाता है। हर बार पाप करने का तात्पर्य यह है कि कोई न कोई इसके बुरे प्रभाव से प्रभावित हो जाता है। विद्रोह के साथ ही पापी अपना तिरस्कार करता है। ऐसी परिस्थिति में परमेश्वर के पास लौटना कठिन हो जाता है। जो परमेश्वर को जानता है और संसार की ओर लौट जाता है तो वह पहले जैसे परमेश्वर के पास नहीं लौट सकता है।

जब भी कोई अपने आपको पाप के अधीन करता है तो पाप की पकड़ उस पर और भी अधिक मजबूत हो जाती है। पतरस ने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति परमेश्वर को पीठ दिखाकर संसार की ओर मुँह फेर लेता है तो उसकी स्थिति पहले से और अधिक बुरी हो जाती है।

> जब वे प्रभु और उद्धारकर्ता यीशु मसीह की पहचान के द्वारा संसार की नाना प्रकार की अशुद्धता से बच निकले, और फिर उनमें फँसकर हार गए, तो उनकी पिछली दशा पहली से भी बुरी हो गई है। क्योंकि धर्म के मार्ग का न जानना ही उनके लिये इससे भला होता कि उसे जानकर, उस पवित्र आज्ञा से फिर जाते जो उन्हें सौंपी गई थी (2 पतरस 2:20, 21)।

यह बड़ा ही डरावना विचार है।

यदि कोई कपास की गेंद बनाकर उसे किसी अंकुश पर रखकर खींचता है तो पहली बार उसके कुछ ही तंतु निकलेंगे। हर बार जब ऐसा किया जाता है तो कुछ और तंतु निकल जाएंगे और अंततः कपास के सारे तंतु अंकुश पर फंस जाएंगे। पाप भी ऐसा ही कार्य करता है। हर बार पाप हमें डराकर छोड़ता है और भलाई के प्रति संवेदनहीन बनाता है। जब हम भलाई और परमेश्वर हमारे लिए क्या कर सकता है, पहचानने में असफल होते हैं तो ऐसी स्थिति में पश्चाताप करके परमेश्वर के पास लौट आने में बहुत कठिनाई होती है। NIV अनुवाद में सभोपदेशक 8:8b में ऐसा लिखा हुआ है, "न उसे लड़ाई से छुट्टी मिल सकती है, और न दुष्ट लोग अपनी दुष्टता के कारण बच सकते हैं)।

जब कोई यह सोचकर पाप से खिलवाड़ करता है कि वह किसी न किसी दिन परमेश्वर के पास लौट आएगा, तो वह इस बात नहीं समझता कि पाप उसे किस प्रकार प्रभावित कर सकता है। शरीर की इच्छाओं की पूर्ति करने वाले जीवन का परिणाम ऐसा होता है कि वह कभी भी परमेश्वर के पास लौट आने

की इच्छा नहीं करता है। संभवतः इब्रानियों की पत्री के लेखक के मन में यही बात रही होगी जब उसने लिखा, "क्योंकि सच्चाई की पहचान प्राप्त करने के बाद यदि हम जान बूझकर पाप करते रहें, तो पापों के लिये फिर कोई बलिदान बाकी नहीं" (इब्रानियों 10:26)।

3. *कामुकता और लोभ भरे सांसारिक जीवन का मूल्य इस संसार में और आने वाले संसार में भी चुकाना होगा।* इस जीवन में और अनंतकाल में पाप की दासता का एक बंधन है, जो उस दासता से कहीं अधिक भारी है जो प्रभु अपने लोगों से चाहता है। शिष्यता की बुलाहट के प्रति बाइबल बहुत कुछ बताती है। यीशु नासरी के जीवन को अपनाना कोई मजाक नहीं है। पौलुस ने कहा कि मसीही होने का तात्पर्य अपने शरीरों को जीवित बलिदान करके चढ़ाना है (रोमियों 12:1)।

एक मसीही के लिए यह महत्वपूर्ण बात है कि वह प्रभु की आज्ञा का पालन करे। इसमें जरूरतमंद पड़ोसी की देखभाल भी शामिल है, अच्छे माता-पिता बनना है, मसीह के लोगों के समाज अर्थात मसीह की कलीसिया को उत्साहित करना है। इसमें नैतिक मूल्यों का समावेश भी शामिल है। झूठ बोलना, चोरी करना, लैंगिक अनैतिकता, धोखा, और इसी तरह की दर्जनों बातें जिसका संसार अभ्यास करता है, गलत है। मसीही होने का तात्पर्य, उसके बोझ में सहभागी होना है। यदि भक्तिहीनों ने उपदेशक/शिक्षक से घृणा की है तो वे उसके शिष्यों से भी घृणा करेंगे। मसीह का अनुकरण करने का तात्पर्य जो बात ठीक है उसके लिए खड़ा होना है और कुछ लोग जो धार्मिकता से घृणा करते हैं, उनसे शत्रुता मोल लेना है। मसीही होने का तात्पर्य बोझ उठाना है।

जबकि यीशु की मांग यह थी कि लोग मसीही होने के मूल्य को अग्रणी समझे, लेकिन उसने उसके साथ कुछ और भी बातें कहीं। यीशु ने कहा, "मेरा जूआ सहज और मेरा बोझ हल्का है।" इस तथ्य के आधार पर हम जीवित हैं, हम सबको जीवित रहने के लिए किसी न किसी तरीके को अपनाना है। यीशु ने कहा कि पाप के बोझ की तुलना में उसका जूआ अधिक सहज और उसका बोझ अधिक हल्का है (मत्ती 11:29)।

उपसंहारः पतरस का संदेश यह था कि पाप का दंड केवल आने वाले संसार के लिए ही सुरक्षित नहीं रखा गया है। मैंने लोगों को देखा है और उनसे बातें कीं हैं और उन्होंने मुझे कहा कि उनका जीवन नरक के समान है। जिस प्रकार का जीवन वे जी रहे हैं उसका परिणाम बड़ा भयानक है। फिर भी इन सबके साथ, पाप का दंड इससे भी बढ़कर है। न्याय होगा, जिसका परिणाम अनंतकाल तक प्रभावी रहेगा।

समाप्ति नोट्स

[1]लूसियन *द पासिंग ऑफ पेरेग्रिनस* 11-15. [2]जब दान का वितरण होता है, तब विचार का एकमात्र विषय उदारता ही नहीं होता है। कुछ अवसरों पर धन के बिना सोच-विचार किए दिए

जाने से सकारात्मक हानि भी होती है। इसके अतिरिक्त, मसीही संपदा के स्वामित्व के भण्डारी हैं। उनके पास उसे बुद्धिमानी से उपयोग करने का दायित्व है। [3]यूनानी का शब्दार्थ है "विनाश लाने वाले पाखण्ड।" [4]इब्रानी शब्द שָׂטָן (*शैतान*) का अर्थ है "दोष लगाने वाला" या "विरोधी।" यूनानी शब्द διάβολος (*डियाबोलोस*) का अर्थ है "झूठी निन्दा करने वाला" जो इब्रानी शब्द का लगभग अनुवाद है। नए नियम में, KJV और अन्य हाल के अनुवाद, उसे जातिगत मानते हुए "devil" को छोटे अक्षर के साथ लिखते हैं जब कि "Satan" को बड़े अक्षर के साथ लिखते हैं, इस तात्पर्य से कि वह devil का नाम है। [5]रिचर्ड जे. बॉकहैम, *जूड, 2 पीटर*, वर्ड बिबलिकल कॉमेन्ट्री, वोल. 50 (वैको, टैक्स.: वर्ड बुक्स, 1983), 250. [6]जोसेफस *ऐन्टिक्विटीस* 1.11.4. [7]स्ट्रैबो *जियोग्राफी* 16.2.44. [8]ऐसे विवाद के लिए खास शब्द फोर्टिओरी है, अर्थात, "और भी बड़े कारण के लिए।" [9]NIV और NRSV उसी वचन का पालन करते है जो NASB ने अपनाया है, हालाँकि वे पतरस के कथन के ज़ोर को पकड़ नहीं पाते। REB बेहतर करता है: "दूसरों पर की हुई चोट के लिए वे स्वयं भी चोट सहते हैं।" शाब्दिक प्रमाण पर चर्चा के लिए, देखें जे. एन. डी. केली, अ कमेंटरी ऑन द ऐपिसल ऑफ पीटर एंड जूड, ब्लैक्स न्यू टेस्टमेंट कमेंटरीज़ (लन्दन: एडम एंड चार्ल्स ब्लैक, 1969), 339. [10]जोसफस *एंटीक्विटीस* 1.2.2.

[11]फिलो *लाइफ ऑफ़ मोसेस* 1.283. [12]जोसफस *वार्स* 6.5.3. [13]जो और अधिक पढ़ना चाहते हैं वे संपर्क करें एडविन एम्. यामौची, प्री-क्रिश्चियन नॉस्टिसिज़्म: अ सर्वे ऑफ द प्रपोज्ड एविडेंस (ग्रैंड रैपिड्स, मीच.: Wm. B. अर्डस्मन पब्लिशिंग कंपनी, 1973); सिमोन पेट्रेमेंट, अ सेपरेट गॉड: दि ओरिजिंस एंड टीचिंग्स ऑफ नॉस्टिसिज़्म, ट्रांस. कैरल हैरिसन (सन फ्रांसिस्को: हार्परसनफ्रांसिस्को, 1984); कर्ट रुडोल्फ, नोसिस: द नेचर एंड हिस्ट्री ऑफ नॉस्टिसिज़्म, ट्रांस. P. W. कोक्सोन एंड K. H. कून, एड. रोबर्ट मकलेकलन विल्सन (सन फ्रांसिस्को: हर्पेर एंड रो, पब्लिशर्स, 1987). [14]नाग हम्मादी सामग्री में वो नोस्टिक लेखन संग्रह शामिल है जिसकी खोज 1940 में मिस्र में हुई थी। चर्चा देखिए जॉन पेंटर पर, जस्ट जेम्स: द ब्रदर ऑफ जीज़स इन हिस्ट्री एंड ट्रेडिशन (मिनियापोलिस: फोर्ट्रेस, 1999), 159-81. [15]जेम्स एल. गार्लो और पीटर जोन्स, क्रेकिंग दा विंची कोड (लोलोरादो स्प्रिंग्सः विक्टर, 2004), 38, द्वारा उद्धृत। [16]दांते *डिवाईन कॉमेडी: इनफर्नो* 3.